नई दिल्ली, सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 364
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com








सामाजिक न्याय और समता के प्रतीक
## डॉ. भीमराव अम्बेडकर
की जयंती पर
## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के
कर-कमलों से

# ₹ 10,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं शुभारंभ

## हिसार

- महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा, हिसार से उड़ान का शुभारंभ
- नई टर्मिनल बिल्डिंग का शिलान्यास

**कार्यक्रम का आयोजन**
14 अप्रैल, 2025 | प्रात: 9:00 बजे | हिसार

## यमुनानगर

- दीनबंधु छोटू राम थर्मल पावर प्लांट, यमुनानगर में 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास
- कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट (सी.बी.जी.) का शिलान्यास

## रेवाड़ी

- 4 लेन बाईपास का शुभारंभ

**कार्यक्रम का आयोजन**
14 अप्रैल, 2025 | प्रात: 11:00 बजे | यमुनानगर

**गरिमामयी उपस्थिति**

श्री मनोहर लाल
केन्द्रीय विद्युत मंत्री

श्री नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

श्री एच. डी. कुमारस्वामी
केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री

श्री किंजरापु राममोहन नायडू
केन्द्रीय नागरिक विमानन मंत्री

संकल्प की उड़ान
विकसित भारत - विकसित हरियाणा



कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डी.डी. न्यूज चैनल पर

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipharyana

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार कार ने खड़े स्कूटी को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटर सवार 23 वर्षीय युवक की फ्लाईओवर से नीचे गिरने की वजह से मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। हादसा शनिवार शाम करीब 7.45 बजे सामने आया। पुलिस के अनुसार हादसे की सूचना रोहिणी स्थित जयपुर गोल्डन अस्पताल ने दी। आईओ अस्पताल पहुंचे तो पता चला कि एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया था। उसके दो अन्य साथियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतक दिल्ली के पालम कॉलोनी निवासी दो दोस्तों के साथ स्कूटी पर सवार था। तीनों युवक दिल्ली तकनीकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में क्रिकेट मैच खेलकर घर लौट रहे थे। पीरागढ़ी फ्लाईओवर पर नवजीवन अस्पताल के सामने स्कूटी पर सवार एक युवक के घर से वीडियो कॉल आ रहा था। कॉल रिसीव करने के लिये युवकों ने स्कूटी सड़क किनारे रोकी थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार ने उन्हें जबरदस्त टक्कर मार दी। एक युवक फ्लाईओवर से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। मंगोलपुरी पुलिस मामला दर्ज कर हादसे की जांच कर रही है।

### धूमधाम से मनाया गया बैसाखी का त्योहार

**नई दिल्ली।** बैसाखी का त्योहार दिल्ली वासियों ने रविवार को धूमधाम से मनाया। कई जगहों पर लोगों ने भंडारे का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त शाम के समय लोगों ने बैसाखी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इसमें छोटी बच्चियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए नृत्य किया। बैसाखी के अवसर पर पीतमपुरा के आर यू ब्लॉक में रविवार को दोपहर के समय भंडारा हुआ और शाम के समय नृत्य प्रतियोगिता आयोजन हुआ। नृत्य प्रतियोगिता के अवसर पर आरडब्ल्यूए सदस्य रानी अरोड़ा, मीना शर्मा, विशाखा शर्मा, अमरजीत कौर समेत अन्य सदस्य शामिल हुए।

### अस्पताल से महिला का बैग चुराने वाला दबोचा

**नई दिल्ली।** द्वारका के मणिपाल अस्पताल से एनआरआई महिला (ब्रिटिश नागरिक) का बैग चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसे 24 घंटे के भीतर पकड़ा गया। आरोपी ने उस समय बैग चुराया था जब एनआरआई महिला अस्पताल में बिल का भुगतान कर रही थी। आरोपी से दो आईफोन, नकदी, घर की चाबी, डेबिट और क्रेडिट कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी अंकित पहले भी स्नैचिंग, चोरी आदि के 13 मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार यह घटना पांच अप्रैल को रिपोर्ट हुई थी। आरोपी को छह अप्रैल को मोहन गार्डन क्षेत्र से पकड़ा गया है।

#### दक्षिण पूर्वी जिले के गोविंदपुरी में वारदात

# स्कूली रंजिश में किशोर को चाकुओं से गोदकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण-पूर्वी जिले के गोविंदपुरी इलाके में स्कूली रंजिश से उपजी दुश्मनी के चलते तीन किशोरों ने शनिवार रात चाकू घोंपकर एक 17 वर्षीय लड़के की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपी किशोरों को हिरासत में ले लिया है। सभी आरोपियों की उम्र लगभग 16 साल बताई गई है।

पुलिस के अनुसार वारदात शनिवार रात करीब 8:30 बजे तब हुई जब युवक ने तीनों नाबालिगों को पुराने मुद्दों को सुलझाने के लिए बुलाया था। लेकिन इस दौरान झगड़ा और अधिक बढ़ गया। आरोपियों में से एक ने किशोर का गला घोंट दिया, जबकि अन्य दो ने उसके पेट और गर्दन पर कई बार चाकू से वार किए। पुलिस ने रविवार को एक बयान में कहा कि पीड़ित को पहले पास के अस्पताल ले जाया गया और बाद में एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। छात्र के पिता केरल में किसी कंस्ट्रक्शन साइट पर मजदूर के रूप में कार्यरत हैं और मां इलाके में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं। रात 9:45 बजे पीसीआर को कॉल करके घटना की सूचना दी गई। गोविंदपुरी थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान तीनों आरोपियों की पहचान करके उन्हें पकड़ लिया गया। आरोपियों में से दो छात्र हैं, जबकि एक ने पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। पुलिस ने बताया कि तीनों आरोपियों की पीड़ित से रंजिश थी, जिसने कथित तौर पर पिछले दिनों उन पर हमला किया था। आरोपियों ने यह दावा भी किया कि पीड़ित ने उन्हें और उनके परिवार को धमकियां दी थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल किए गए दो चाकू भी बरामद कर लिये हैं।

### पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में पति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में पति को गिरफ्तार किया गया है। शराब के नशे और घरेलू विवाद में हत्या की गई। आरोपी शख्स का नाम अमित सहरावत बताया गया है। मामले की एसडीएम जांच भी की जा रही है। पुलिस का शुरुआती जांच में कहना है कि आरोपी ने शुरू में इसे आत्महत्या का मामला बताने की कोशिश की लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुये खुलासे के बाद उसने गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार यह घटना छह मार्च को सामने आई थी। पीसीआर कॉल पर सूचना मिली कि महिपालपुर में एक महिला का शव घर में फंदे से लटका हुआ है। कल्पना (28) नाम की महिला को वसंत कुंज के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि महिला के माता-पिता द्वारा दहेज उत्पीड़न को लेकर कोई शिकायत नहीं दी गयी थी। कल्पना की शादी छह वर्ष पहले अमित से हुई थी और उनका पांच साल का एक बच्चा भी है। माता-पिता ने पुलिस को बताया कि दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे लेकिन उन्होंने पति पर दहेज से संबंधित दुर्व्यवहार का आरोप नहीं लगाया। आठ मार्च को सफदरजंग अस्पताल में किए गए पोस्टमार्टम से पता चला कि कल्पना की मौत गला घोंटने के कारण दम घुटने से हुई थी। जांच के नतीजे आत्महत्या के सिद्धांत के विपरीत थे। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अमित को हिरासत में ले लिया गया था। पूछताछ के दौरान अमित ने कबूल किया कि पांच मार्च को एक शादी में शामिल होने और उसमें शराब पीने के बाद वह अपने चचेरे भाई की मदद से घर लौटा। इसके बाद कल्पना के साथ उसका झगड़ा हुआ। अमित ने गुस्से में आकर उसका गला घोंट दिया और बाद में इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे से लटका दिया। पुलिस के मुताबिक अमित को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया।

# राजधानी में हर दिन दर्ज हो रहे चार रेप केस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ पहले तीन महीनों में हत्या के 107 केस दर्ज

देश की राजधानी में महिलाएं बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है। हर दिन चार महिलाओं और बच्चियों की यहां अस्मत लूटी जा रही है। दिल्ली पुलिस द्वारा रविवार को जारी किये गये तीन महीनों के आंकड़े बताते है कि एक जनवरी से लेकर 31 मार्च तक रेप के 370 केस दर्ज हुये। जबकि छेड़छाड़ के 379 केस रजिस्टर्ड हुये। हत्या की बात करें तो इन दरमियान 107 केस पुलिस ने दर्ज किये हैं।

दिल्ली पुलिस के अनुसार हत्या के प्रयास के 168 केस, लूट के 315 और झपटमारी के 1199 केस दर्ज किये गये हैं। सामान्य छेड़छाड़ से संबंधित 63 केस रजिस्टर्ड हुये हैं। अपहरण के 1360 केस दर्ज हो चुके हैं। कुल जघन्य मामलों की बात करें तो इसका आंकड़ा 970 है।

**एक जनवरी से 31 मार्च तक का दिल्ली क्राइम**

| | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| रेप | 422 | 455 | 370 |
| शारीरिक छेड़छाड़ | 547 | 444 | 379 |
| छेड़छाड़ | 98 | 74 | 63 |
| अपहरण | 1385 | 1393 | 1360 |

**एक जनवरी से 31 मार्च तक का दिल्ली क्राइम**

| | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| हत्या | 115 | 105 | 107 |
| हत्या का प्रयास | 158 | 203 | 168 |
| लूट | 375 | 424 | 315 |
| झपटमारी | 1812 | 1925 | 1199 |

# वायु प्रदूषण मध्यम श्रेणी में हो रहा है दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आने वाले दिनों में और होगी जहरीली हवा

दिल्ली में गत तीन दिन तेज हवाओं व बारिश के बाद वायु प्रदूषण मध्यम श्रेणी में दर्ज हो रहा है। यानि कहा जाए तो हवा कम जहरीली है। लेकिन संभावना है कि आने वाले तीन चार दिनों में दिल्ली की हवा एक बार फिर अधिक जहरीली हो सकती है। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार दिल्ली में रविवार सुबह 7 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 110 अंक दर्ज किया गया, जोकि मध्यम श्रेणी में गिना जाता है। जबकि दिल्ली के स्थानीय तौर पर एक्यूआई की बात करें तो करीब 11 क्षेत्रों में एक्यूआई 100 से 200 के बीच में बना रहा, यानी संतोषजनक श्रेणी में दर्ज हुआ। सीपीसीबी के अनुसार सिरी फोर्ट में सबसे ज्यादा 260 एक्यूआई दर्ज हुआ , वहीं मुंडका में 143, जहांगीरपुरी में 137, वजीरपुर में 136, चांदनी चौक में 131, मथुरा रोड में 129, आनंद विहार में 114, अशोक विहार में 112, बवाना में 115, बुराड़ी क्रॉसिंग में 101, , डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 112, द्वारका सेक्टर 8 में 128, नरेला में 117, नेहरू नगर में 115, नॉर्थ कैंपस डीयू में 106, ओखला फेस 2 में 123, पटपड़गंज में 117, पंजाबी बाग में 117, आरके पुरम 109, रोहिणी में 124 और विवेक विहार में 118 और वजीरपुर में 136 अंक दर्ज हुआ। वहीं करीब 11 क्षेत्रों में एक्यूआई 50 से 100 के बीच रहा। इनमें अलीपुर में 90, आईजीआई एयरपोर्ट 94, आईटीओ में 97, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 97, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 99, मंदिर मार्ग में 88, नजफगढ़ में 81, एनएसआईटी द्वारका में 88, पूषा में 89, श्री अरविंदो मार्ग में 72 अंक बना हुआ है। दूसरी तरफ रविवार को आसमान लगभग साफ रहा, बाद में तेज हवाएं चली। इस दौरान अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य श्रेणी में आता है। जबकि न्यूनतम तापमान 20.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन चार दिन में तापमान एक बार फिर अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है।

# सार्वजनिक स्थानों पर पुराने वाहन पार्क करने पर किए जा सकते हैं जब्त

हरिभूमि न्यूज, नई दिल्ली।

■ वाहन को स्क्रैप करें, या ऐसे वाहन सिर्फ अपने निजी पार्किंग में रखें

दिल्ली सरकार ने पुरानी हो चुकी गाड़ियों को लेकर सख्त हो गई है। सरकार ने दिल्ली में 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से पुरानी पेट्रोल/सीएनजी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। अगर ऐसे वाहन सार्वजनिक जगहों पर पार्क किए गए पाए जाने पर उन्हें जब्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि दिल्ली में ऐसे पुराने वाहनों की संख्या 55 लाख से अधिक है। ऐसे वाहनों की सूची परिवहन विभाग की वेबसाइट पर डाल दी गई है। सार्वजनिक स्थानों, जिसमें घर के बाहर का क्षेत्र भी शामिल है, पर इन गाड़ियों को पार्क करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में वाहन मालिक पास जो विकल्प है उनमें वह अपने वाहन निजी पार्किंग स्पेस में रखें। वाहन की समाप्ति तिथि के एक साल के भीतर इसे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से बाहर ले जाने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) ले सकते है। या फिर वाहन को स्क्रैप करें। वाहनों को स्क्रैप करने के लिए 'वॉलंटियरी व्हीकल स्क्रैपिंग एप्लिकेशन' के माध्यम से किसी पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा का उपयोग कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के माध्यम से नए वाहन के पंजीकरण पर मोटर वाहन टैक्स में छूट भी प्राप्त की जा सकती है। अगर पुरानी गाड़ियां दिल्ली के सार्वजनिक स्थानों में चलती या पार्क होती पाई गईं, तो उन्हें जब्त किया जा सकता है, 5,000 या 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है। परिवहन विभाग, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम, और दिल्ली छावनी बोर्ड ऐसे वाहनों को जब्त कर सकते हैं।

### मंजीत महल गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में मंजीत महल गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करके उसके पास से हथियारों का जखीरा जब्त किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने दावा किया कि आरोपी को गिरफ्तार करने से द्वारका और नजफगढ़ इलाकों में संभावित गैंगवार टल गया है। उसने बताया कि दरियापुर खुर्द गांव निवासी दिनेश उर्फ मोगली को शनिवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, दिनेश (32) का आपराधिक इतिहास काफी पुराना है। वह 2015 में प्रतिद्वंद्वी नवीन खाती गिरोह के चार सदस्यों की हत्या में संलिप्त था। पुलिस ने बताया कि दिनेश ने अपने एक साथी रविंदर के साथ मिलकर चार लोगों की हत्या कर दी थी और बाद में शवों को हरियाणा में बहादुरगढ़ के निकट एक जंगल में जला दिया था। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन सात साल जेल में बिताने के बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था। पुलिस ने बताया कि दिनेश को शनिवार को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से नौ एमएम की बेरेटा पिस्तौल, एक देसी पिस्तौल, 13 गोलियां और तीन कारतूस बरामद किए गए।

### महिला कांग्रेस का महंगाई के विरोध में प्रदर्शन जारी, रसोई गैस के दाम तुरंत कम करने की मांग

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल व घरेलू रसोई गैस के दाम बढ़ाने के विरोध में दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस क्रमवार प्रदर्शन कर रही है। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा के दिशा निर्देश पर हो रहे इन प्रदर्शन को लेकर दिल्ली अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने बताया कि केंद्र व दिल्ली सरकार में भाजपा ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। एक तरफ दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले पीएम नरेंद्र मोदी वादा करते है कि महिलाओं को होली दीवाली एक एक फ्री गैस सिलेंडर और 500 में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। लेकिन इनका सितम देखिए कि जैसे ही दिल्ली वालों ने भाजपा का सत्ता सौंपी, भाजपा ने गैस, डीजल, पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए। डीजल के दाम बढ़ने का असर पूरे देश में महंगाई के रूप में सबको चुकाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले व भाजपा के वादा खिलाफी के विरोध में महिला कांग्रेस धरना प्रदर्शन कर रही है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा के दिशा निर्देश पर प्रदेश संगठन लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहा है। पुष्पा सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव लंबे समय से दिल्ली के लोगों की लड़ाई लड़ रहे है। पहले वो अरविंद केजरीवाल व आप पार्टी से लड़ रहे थे, अब भाजपा सरकार से लड़ रहे है। क्योंकि कांग्रेस का एक ही मकसद है हर वर्ग का विकास करना।

# हिंदू कॉलेज में अभिरंग की स्मृतियों पर संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की नाट्य संस्था अभिरंग के बीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संस्था संस्थापक प्रसिद्ध व्यंग्यकार और नाट्य आलोचक प्रो. हरीश नवल के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। अभिरंग की संयोजिका सहायक प्रो. साक्षी ने संस्था का परिचय देते हुए अभिरंग की रंग यात्रा प्रस्तुत की। छात्र संयोजक आदित्य ने रंगमंच और रोजगार तथा उसके वर्तमान परिदृश्य को लेकर संवाद कार्यक्रम को गति दी। कार्यक्रम में विभाग के प्राध्यापक डॉ हरीन्द्र कुमार ने भी अभिरंग की स्मृतियों को सांझा करते हुए इस संस्था के निर्माण में अस्मिता थियेटर के निर्देशक अरविंद गौड़ और प्रो नवल की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। प्रो. हरीश नवल की किसी व्यंग्य कथा पर भविष्य में अभिरंग कोई पूर्णकालिक नाट्य प्रस्तुति करता है तो उसके लिए पचास हजार रुपए का आर्थिक सहयोग की भी उन्होंने घोषणा की।



प्रो. हरीश नवल ने इस अवसर पर अभिरंग संस्था आरम्भ करने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए संस्था के आर्थिक संघर्ष पर बातचीत की। उन्होंने यह भी कहा कि भावना यदि अच्छी हो तो कीमत नहीं देखी जाती। कार्यक्रम में अभिरंग कार्यकारिणी के साथ हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ विमलेंदु तीर्थंकर सहित विभाग सदस्य डॉ नीलम सिंह, प्रज्ञा त्रिवेदी तथा श्री अरविंद कॉलेज से पूजा चीमा भी उपस्थित रहीं। डॉ साक्षी के धन्यवाद उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

### आईपीयू : पाठ्यक्रमों में अब आवेदन की तिथि बढ़ी

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के अठारह सीईटी आधारित प्रोग्राम में दाखिले को लेकर अब 18 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आईपीयू प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पहले इन प्रोग्राम में आवेदन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल थी। इच्छुक आवेदकों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। आईपी यूनिवर्सिटी ने नए सत्र में यूजी, पीजी और पीएचडी के दाखिले से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिए सात-सदस्यीय उच्च स्तरीय कमिटी का गठन भी किया है। यूनिवर्सिटी के अकादमिक मामलों के निदेशक के नेतृत्व में यह कमिटी आवेदकों के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आए गंभीर समस्याओं का तत्काल निवारण करेगी। नए सत्र के दाखिले में आवेदकों को किसी तरह की असुविधा न हो यूनिवर्सिटी इसका पूरा ख्याल रख रही है। आवेदकों की सहूलियत के लिए यूनिवर्सिटी ने पहले से ही दाखिले के लिए चैट बॉट और क्यू आर कोड की सुविधा दे रखी है। उपरोक्त प्रोग्राम के अलावा जिन प्रोग्राम में यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर दाखिले होने हैं उनमें आवेदन की अंतिम तिथि 11 अप्रैल ही थी। और जिन प्रोग्राम में दाखिले नेशनल लेवल टेस्ट्स या लास्ट क्वालीफाइंग एग्जाम के मेरिट पर होने हैं उनमें आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी यूनिवर्सिटी की दोनों वेबसाइट **www.ipu.ac.in** और **www.ipu.admissions.nic.in** पर उपलब्ध है।

### बाबा साहब के स्मरण मात्र से हम में आ जाती है सामाजिक चेतना : भाजपा

नई दिल्ली। भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के स्मरण मात्र से हम में सामाजिक चेतना आ जाती है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती से एक दिन पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ एवं दुष्यंत कुमार गौतम ने काली मस्जिद डीडीए फ्लैट्स (सीताराम बाजार वार्ड) में 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के दौरान यह संबोधन दिया। बता दें कि इन भाजपा नेताओं की उपस्थिति में रविवार को दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने अपनी जन्मस्थली क्षेत्र काली मस्जिद डीडीए फ्लैट्स (सीताराम बाजार वार्ड) में 'रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरूण चुघ एवं दुष्यंत गौतम ने उपस्थित जनों को बाबा साहब के विचारों और उनके योगदान को स्मरण कराते हुए उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया। वहीं, सचदेवा ने कहा कि यह प्रतिमा हमें हमेशा याद दिलाती रहेगी कि एक बेहतर और समावेशी समाज की नींव उच्च विचारों और संघर्ष से पड़ती है। हम उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पहल न केवल श्रद्धांजलि है, बल्कि समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास भी है, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर और सम्मान मिले। इस मौके पर एसोसिएशन अध्यक्ष नरेश कुमार, पूर्व विधायक राजकुमार आनंद, पूर्व पार्षद राकेश कुमार, प्रदेश भाजपा के सह-कार्यालय मंत्री अमित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी और स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।



#### सामाजिक न्याय और एकता के प्रतीक हैं डॉ अम्बेडकर : सचदेवा

सचदेवा ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की और फिर अपने पैतृक स्थल जहां उनका जन्म हुआ, वहां भी जाकर समय बिताया और अपने पुराने दिनों को याद किया। सचदेवा ने इस मौके पर कहा कि एक राजनीतिक कार्यकर्ता होते हुए मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैंने अपने जन्म स्थल पर एक ऐसे महान व्यक्ति डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया है जो सिर्फ संविधान निर्माता नहीं थे, सामाजिक न्याय और एकता के प्रतीक हैं।

#### मुख्यमंत्री ने डॉ. अंबेडकर जयंती पर सरकार द्वारा आयोजित वॉकथॉन को दिखाई हरी झंडी

# दिल्ली के स्कूलों में डॉ. अंबेडकर के जीवन से प्रेरित आयोजित होंगे 'असेंबली सेशन' : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली





दिल्ली के सभी स्कूलों में विशेष 'असेंबली सेशन' आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से नई पीढ़ी को बाबा साहब के विचारों, संघर्षों और योगदान से जोड़ा जाएगा। इस बात की घोषणा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकार द्वारा विधानसभा में आयोजित वॉकथॉन कार्यक्रम में कही। गौरतलब है कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सरकार द्वारा विधानसभा में आयोजित वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और रविन्द्र इन्द्राज सिंह भी मौजूद रहे। दिल्ली सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों स्कूली बच्चों, युवाओं, सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि यह वॉकथॉन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बाबा साहब के न्याय, समानता और अधिकारों के विचार को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। बाबा साहब किसी एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र के महानायक थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार समानता, शिक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार को जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीएम रेखा गुप्ता ने राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर बाबा साहब अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की अपील की और कहा कि यही भारत को एक समरस, सशक्त और प्रगतिशील राष्ट्र बनाएगा।

मुख्यमंत्री ने डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के जयकारों के साथ उपस्थित छात्रों और नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर हमारे हृदय और मस्तिष्क में सदैव अमर रहेंगे। यही कारण है कि उनकी जन्म जयंती आज न केवल भारत में, बल्कि पूरे विश्व में उत्सव के रूप में बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जा रही है। यह केवल एक दिवस नहीं, बल्कि कई दिनों तक चलने वाला एक राष्ट्रीय पर्व बन चुका है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब को यदि भारत का भाग्यविधाता कहा जाए तो वह अतिशयोक्ति नहीं होगी। उन्होंने न केवल विश्व के तमाम संविधानों का गहन अध्ययन किया, बल्कि भारत के लिए ऐसा संविधान रचा, जिसकी व्यापकता, समावेशिता और स्थायित्व आज भी अद्वितीय है। अगर आज 140 करोड़ लोग एक संविधान के दायरे में, समान अधिकारों और कर्तव्यों के साथ जीवन जी पा रहे हैं, तो वह बाबा साहब की दूरदृष्टि का परिणाम है। हम सभी भारतीय सौभाग्यशाली हैं कि हमें बाबा साहेब जैसा दृष्टा, विचारक और संविधान निर्माता मिला, जिन्होंने भारत को समता, स्वतंत्रता और न्याय के मूल्यों पर आधारित एक सशक्त लोकतंत्र का मार्ग दिखाया। उन्होंने आगे कहा कि भारत के इतिहास में अगर कोई युगपुरुष समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले गया, तो वह बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर थे। उन्होंने नागरिकों के अधिकारों के साथ-साथ उनके कर्तव्यों की भी स्पष्ट व्याख्या की।

### नड्डा सहित भाजपा नेताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा को अर्पित की पुष्पांजलि



**नई दिल्ली।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को एक विशेष समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर स्थित उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर दीपोत्सव मनाया और उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की। दिल्ली भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित इस समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार, सांसद योगेन्द्र चंदोलिया एवं नरेश बंसल, दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा आदि ने भी बाबा साहेब अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दिल्ली भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने सभी गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया।



नई दिल्ली
सोमवार, 14 अप्रैल 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 364
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 37
न्यून. 23

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती



## संविधान निर्माता की जन्मस्थली महू में एक लाख से ज्यादा आएंगे अनुयायी

# बाबा साहेब के नाम पर मोहन सरकार शुरु करेगी नई योजना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर के समीप महू में संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की जन्मस्थली है। यहां हर साल 14 अप्रैल को उनके अनुयायी, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों से आते हैं। उनके आने का सिलसिला रविवार से शुरू हो गया। इंदौर में भी उनकी प्रतिमा को मेयर पुष्य मित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खुद साफ किया। आंबेडकर जयंती के मौके पर प्रदेश सरकार उनके नाम पर दुग्ध उत्पादन से जुड़ी एक योजना भी शुरू करेगी।

*प्रशासन ने की तैयारी, अनुयायियों के लिए भोजन की व्यवस्था के अलावा टेंट एवं पेयजल और पंखे, कूलर के इंतजाम भी किए गए*



### मुख्यमंत्री भी जाएंगे महू

प्रशासन का अनुमान है कि 14 अप्रैल सोमवार को महू में आंबेडकर जयंती के लिए एक लाख से ज्यादा अनुयायी आएंगे। उसके हिसाब से तैयारियां कर ली गई हैं। आंबेडकर जयंती का उत्सव रविवार की रात से ही शुरू हो गया। इसे कार्यक्रम को देखने के लिए भी हजारों लोग स्मारक स्थल पर जुटते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार सुबह दिल्ली से इंदौर आएंगे और महू में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने जाएंगे। स्मारक स्थल को भी आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। इंदौर रेलवे स्टेशन से महू तक बसों का संचालन भी किया जा रहा है।

### 12 अप्रैल से चल रहा तीन दिवसीय आयोजन

डॉ. आंबेडकर जन्म स्थल मेमोरियल, महू इंदौर के प्रबंध सदस्य एवं मीडिया प्रभारी राजीव कुमार अंभोरे ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। 14 अप्रैल को समाज में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। तीन दिनों तक संविधान, सामाजिक न्याय, दलित अधिकारों और शिक्षा पर आधारित सेमिनार, परिचर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


IPL आज का मुकाबला
लखनऊ चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### कानपुर में आरएसएस का 5 दिनी आयोजन



**कानपुर।** आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत 5 दिवसीय प्रवास पर रविवार शाम को वंदे भारत ट्रेन से कानपुर पहुंचे। संघ प्रमुख 14 अप्रैल को संघ दफ्तर नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में प्रांत और क्षेत्र टोली संग भविष्य की योजनाओं पर मंथन करेंगे।

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, 8 की मौत



**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से आठ लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में मारने वाले श्रमिकों में 2 महिलाएं भी शामिल हैं। घटना में सात अन्य लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है।

### मायावती से मांगी माफी आकाश की होगी वापसी



**लखनऊ।** बसपा की मुखिया मायावती से उनके भतीजे आकाश आनंद ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। माफीनामे में उनको अपना गुरु बताया। आगे कहा कि रिश्तेदारों से राय नहीं लेंगे। इस पर मायावती ने ऐलान किया कि आकाश की पार्टी में वापसी होगी।

## केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री शाह ने कहा- अब सहकारिता को जीवंत करने का अवसर

# सहकारी समितियां टिकट बुकिंग, बिल जमा करेंगी, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी भी चलाएंगी



प्रदेश के किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है मोदी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मप्र में कृषि, पशुपालन और सहकारिता तीनों क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। हमें इन तीनों का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना के साथ काम करने की जरूरत है। अब सहकारिता को जीवंत करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां अब टिकट बुकिंग, बिल जमा करने, पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी चलाने जैसी गतिविधियां भी संचालित करेंगी। इस पर तेजी से काम शुरू हुआ है।

पहले छोटे-मोटे फाइनेंस के कार्य करने वाले पैक्स अब 20 से ज्यादा कार्य कर रहे हैं। पैक्स ▶▶ शेष पेज 5 पर

◆ शाह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) एवं मप्र डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) तथा दुग्ध संघों के मध्य अनुबंध (एमओयू) में शामिल हुए




सहकारी गतिविधियों से होने वाली आय किसानों के खातों में आएगी, मुनाफा किसानों को मिलगा सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में सहकारी आंदोलन में आया क्रांतिकारी परिवर्तन



### केंद्रीय सहकारिता मंत्री प्रबंधन में पारस की तरह : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय मंत्री शाह के कुशल प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि वे पारस की तरह हैं। उनके पास जो विभाग आ जाए वह सोना हो जाता है। उनकी उपस्थिति में हो रहे अनुबंध से प्रदेश में नई संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। राज्य सरकार ने दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है।

### बीते साढ़े तीन साल में सहकारिता में बड़े बदलाव

*शाह ने कहा कि राज्यों में पहले कृषि, पशुपालन और सहकारिता को बढ़ाने का कोई विजन नहीं था। किंतु देश के दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 75 साल बाद पहली बार सहकारिता मंत्रालय बनाया। इसके पहले मंत्री होने के नाते हमने बीते साढ़े तीन साल में इस क्षेत्र में कई बड़े बदलाव किए। सहकारिता मंत्रालय ने अपना पहला काम कृषि समितियों के लिए आदर्श बायलॉज बनाकर इन्हें राज्यों को भेजने का किया। आज संपूर्ण भारत ने इस मॉडल बायलॉज को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि जब आपकी नीयत ठीक हो तो नतीजे भी अनुकूल आते हैं। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बीज सहकारिता के तहत ढाई एकड़ वाले किसान को भी मान्यता दी है। मप्र में प्रति वर्ष साढ़े 5 करोड़ लीटर की दूध उत्पादन क्षमता है, जो देश का 9 प्रतिशत है। यहां के किसानों को सहकारी डेयरी के साथ जोड़ना है। खुले बाजार में दूध बेचने पर उन्हें सही कीमत नहीं मिल पाती।*

## पीएम मोदी ने सीएम डॉ. यादव की सराहना की

# भारतीय संस्कृति की पहचान विक्रम संवत

ऊर्जावान सीएम के मार्गदर्शन में विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का यह प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री द्वारा शुरू किए गए विक्रमोत्सव की चर्चा पूरे भारत में हो रही है। 12 से 14 अप्रैल तक दिल्ली के लाल किला के माधवदास पार्क में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन जारी है।

12 अप्रैल को सीएम डॉ. मोहन यादव, दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल हुए, इस लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीएम डॉ. मोहन यादव की तारीफ की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा कि मुझे खुशी है कि मध्य प्रदेश के ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव के माध्यम से सम्राट विक्रमादित्य की गौरवगाथा और वैभव को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में लिखा कि युगपुरुष सम्राट विक्रमादित्य का शासनकाल जनकल्याण, सुशासन और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए जाना जाता है। वह भारत की न्यायप्रिय और लोक कल्याणकारी नेतृत्व परंपरा के प्रतीक थे। उन्होंने साहित्य, कला और विज्ञान को जिस रूप में प्रोत्साहित किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। उनके काल की 'विक्रम संवत' परंपरा आज भी भारतीय संस्कृति की पहचान है। सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य और प्रदर्शनी का महत्व एक सांस्कृतिक आयोजन से कहीं अधिक है।

### क्या है विक्रमादित्य महानाट्य?

नई दिल्ली में स्थित लाल किले के माधवदास पार्क में विक्रमादित्य महानाट्य का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य के साथ-साथ लाल किले पर विक्रमादित्य और अयोध्या, विक्रमादित्य कालीन पुरातात्विक मुद्रा मुद्रांक, वृहत्तरभारत के सांस्कृतिक वैभव, मध्य प्रदेश में पर्यटन की संभावनाओं, प्रदेश में निवेश और रोजगार सृजन के अवसरों में लोकव्यापीकरण के प्रयासों पर केंद्रित प्रदर्शनियाँ भी लगाई जा रही हैं। इन प्रदर्शनियों में उपरोक्त विषयानुसार जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

## 33 बीमारियों का बनाया था बहाना

# तहव्वुर राणा को था कैंसर का शक, किडनी भी ठीक नहीं!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आतंकी तहव्वुर राणा किसी भी तरह से भारत नहीं आना चाहता था। उसने हर हथकंडा अपनाया।

मगर काम नहीं आया। बस उसे इतना ही हासिल हो सका कि प्रत्यर्पण में भारत को देरी का सामना करना पड़ा। मगर अब तहव्वुर राणा भारतीय एजेंसियों के शिंकजे में है। तहव्वुर राणा ने अपने प्रत्यर्पण को रोकने की खातिर हर कानूनी दांव पेंच को




अपनाया।फरवरी में पीएम मोदी के सामने डोनाल्ड ट्रंप ने राणा को भारत भेजने का एलान किया था। इसके बाद उसने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के सामने भारत न भेजने की अपील की थी। उसने ▶▶ शेष पेज 5 पर

## जलियांवाला बाग हत्याकांड

# राष्ट्रपति-पीएम ने श्रद्धांजलि दी, 'स्वतंत्रता' को मिली दिशा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि मैं जलियांवाला बाग में मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करती हूं। उनका बलिदान स्वतंत्रता





संग्राम की धारा को और प्रबल बना गया। ऋणी भारतवर्ष सदा उनका स्मरण करता रहेगा। पीएम मोदी ने भी शहीदों को याद करते हुए कहा कि यह हत्याकांड भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक बड़ा मोड़ था। हम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कांग्रेस नेता बाजवा के बयान से प्रदेश में मच गया तूफान

# पंजाब में 50 बम आए, अभी 32 बम फटने के लिए बचे और घर पहुंच गई पुलिस

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा के बयान से सियासी तूफान मचा है। उन्होंने एक चैनल में दावा किया कि पंजाब में 50 बम आए हैं। इनमें से 18 फट चुके हैं और 32 अभी बाकी हैं। इसके बाद काउंटर इंटेलिजेंस,पंजाब पुलिस की टीम उनके आवास पर पहुंची और पूछताछ की।



### मान बोले- आपका पाकिस्तान से कनेक्शन तो नहीं

### सूत्रों का खुलासा नहीं करूंगा: बाजवा



बाजवा ने कहा कि मेरे सूत्रों ने मुझे चेतावनी दी है कि पंजाब में कई बम आए हैं। मेरे सूत्र ने मुझे बताया कि मुझे सचेत रहना चाहिए। मैंने पूरा सहयोग किया है और काउंटर इंटेलिजेंस के साथ पूरा सहयोग करूंगा। हमारा काम लोगों को बचाना और पंजाब सरकार की मदद करना है। मैंने एजेंसी को सब बता दिया है।

**मान ने बाजवा पर बोला हमला- बताएं किसने ये बम भेजे?**
पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा कि अगर बाजवा ने बम होने की जानकारी दी है, तो उनका पाकिस्तान से क्या ▶▶ शेष पेज 5 पर

## हाई कोर्ट ने धामी सरकार के बुलडोजर एक्शन पर उठाए सवाल

# रसूखदारों पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई फिलहाल सरकार के आदेश पर रोक

### प्रार्थना पत्र पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की

एजेंसी ▶▶ नैनीताल

हाईकोर्ट ने देहरादून जिले के विकासनगर क्षेत्र में झुग्गियों पर शुरू हुई बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर दायर प्रार्थना पत्र पर शनिवार शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई की। इन बस्ती वालों के विशेष अंतरिम राहत के अनुरोध पर चीफ जस्टिस जी. नरेंद्र एवं जस्टिस आशीष नैथानी की खंडपीठ ने कार्रवाई संबंधित आदेश पर रोक लगा दी है।

### सुनवाई का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा?



हाई कोर्ट ने उत्तराखंड की धामी सरकार से पूछा है कि रसूखदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई और झुग्गीवालों को सुनवाई का अवसर क्यों नहीं दिया जा रहा है? कोर्ट ने सरकार को 15 अप्रैल तक स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। सरकार की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ताओं को पूर्व में भी नोटिस दिए गए हैं।

**मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने सुनाया फैसला**
शनिवार को अवकाश के बाद भी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की खंडपीठ में प्रभावितों के प्रार्थना पत्रों पर विशेष सुनवाई हुई। खंडपीठ ने इस पर सख्त नाराजगी जताते हुए नोटिसों के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

## खाटूश्याम जी मंदिर में उमड़ी लाखों की भीड़, पैर रखने की जगह नहीं

# गर्मी से लाइन में खड़े-खड़े बेहोश होकर गिरे श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶ सीकर

राजस्थान के सीकर जिले के प्रसिद्ध खाटूश्याम जी मंदिर परिसर में रविवार को लाखों की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां आए श्रद्धालु मंदिर परिसर में ही बेहोश होकर गिर रहे हैं। हनुमान जयंती के बाद रविवार को श्रद्धालुओं की ये भीड़ उमड़ी है। गर्मी में श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा रहा है।गर्मी से श्रद्धालुओं का बुरा हाल हो गया। रविवार के चलते मंदिर परिसर में ज्यादा भीड़ हो गई। लाइन में लगे श्रद्धालु गर्मी के कारण बेहोश होकर गिर जा रहे हैं। जिले के आसपास चार पहिया गाड़ियों की लंबी कतार लगी हुई है। सीकर जिले में ट्रैफिक जाम की भी समस्या बन गई है।

गाड़ियों की लंबी कतारें लगीं सीकर में जाम की समस्या बढ़ी



**यह हिंदुओं का प्रमुख धार्मिक स्थल**
खाटूश्याम जी मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में खाटू गांव में स्थित एक प्रसिद्ध हिंदू तीर्थ स्थल है, जो भगवान श्रीकृष्ण के अवतार खाटू श्याम को समर्पित है। इसे 'हारे का सहारा' और 'लखदातार' के नाम से भी जाना जाता है।

**दर्शन को जा रहे थे, कार ट्रेलर से टकराई**

### परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत

जिले के जमवारामगढ़ क्षेत्र में रविवार सुबह सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा मनोहरपुर-दौसा नेशनल हाईवे पर स्थित नेकावाला टोल प्लाजा के पास उस वक्त हुआ, जब लखनऊ से आए एक परिवार की कार सामने से आ रहे ट्रेलर से भिड़ गई। घटना सुबह करीब 8 बजे की बताई जा रही है। हादसे में दो पुरुष, दो महिलाएं और एक साल का एक मासूम शामिल हैं। सभी मृतक एक ही परिवार से हैं।

# न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशन के बीच शुरू हुआ नमो भारत ट्रेन का ट्रायल रन

## ट्रायल प्रक्रिया के दौरान नमो भारत ट्रेन ने पहली बार यमुना को पार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के संपूर्ण संचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार की रात्रि को न्यू अशोक नगर और सराय काले खां स्टेशन के बीच ट्रायल रन शुरू कर दिए। रात को नमो भारत ट्रेन को धीमी रफ्तार में एनसीआरटीसी की टीम द्वारा डाउन लाइन पर न्यू अशोक नगर से सराय काले खां लाया गया।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इसलल्ल ट्रायल की प्रक्रिया में सिगनलिंग सिस्टम की अनुकूलता की जांच के लिए नमो भारत ट्रेन को मैन्युअल तरीके से चलाया गया। इसी कड़ी में जैसे-जैसे यह परीक्षण आगे बढ़ेगा एनसीआरटीसी ट्रैक, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर (पीएसडी) और ओवरहेड पावर सप्लाई सिस्टम जैसे विभिन्न सबसिस्टम के साथ ट्रेन के इंटीग्रेशन और इसके समन्वय का आकलन करने के लिए व्यापक मूल्यांकन करेगी। इसके साथ ही आगामी दिनों में ट्रेन के हाई-स्पीड टेस्ट सहित व्यापक ट्रायल रन किए जाएंगे।



ट्रायल प्रक्रिया के दौरान नमो भारत ट्रेन ने पहली बार यमुना को पार किया और आगे बढ़ते हुए बारपुला फ्लाईओवर व रिंग रोड के ऊपर से गुजरते हुए सराय काले खां स्टेशन में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है यमुना को पार करने के लिए एनसीआरटीसी ने कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करते हुए 32 पिलर्स पर लगभग 1.3 किमी लंबा पुल तैयार किया, जिसका लगभग 626 मीटर का हिस्सा यमुना पर है और शेष हिस्सा दोनों ओर खादर क्षेत्र में है। यह पुल यमुना नदी पर डीएनडी यमुना पुल के समानान्तर बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर सराय काले खां स्टेशन तक पहुँचने के लिए भारी ट्रैफिक वाले बारपुला फ्लाईओवर और इसके बराबर से गुजर रहे रिंग रोड के ऊपर वायडक्ट निर्माण करना भी एनसीआरटीसी के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन एनसीआरटीसी ने इस हिस्से में भी निर्माण को सफलतापूर्वक संपन्न किया। न्यू अशोक नगर से सराय काले खां तक, इस सेक्शन की लंबाई लगभग साढ़े 4 किमी है। इस सेक्शन के संचालित होने पर यात्रियों के लिए सराय काले खां से मेरठ तक वातानुकूलित आरामदायक नमो भारत ट्रेन सेवा उपलब्ध हो जाएगी, जिससे यात्रियों के लिए मेरठ शहर तक निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी।

### 4 लिफ्ट की व्यवस्था की गई

हाल ही में, सराय काले खां से न्यू अशोक नगर नमो भारत स्टेशन के बीच के खंड में ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) को चार्ज किया गया था। सराय काले खां स्टेशन दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडोर का प्रारंभिक स्टेशन है। स्टेशन के फसाड का कार्य, जिसमें छत का निर्माण भी शामिल है, तेजी से प्रगति पर है। स्टेशन के कॉनकोर्स से प्लेटफॉर्म स्तर तक जाने के लिए 12 एस्केलेटर और 4 लिफ्ट की व्यवस्था की गई है, जो संचालन के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त, स्टेशन के पाँच एंट्री-एग्जिट स्ट्रक्चर्स का फिनिशिंग कार्य भी चल रहा है और यहां लगाए गए एस्कलेटर्स और लिफ्ट भी संचालन के लिए तैयार हैं।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को पकड़ा



**फरीदाबाद।** ऑनलाईन ऑर्डर कर धोखाधड़ी करने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने 2 आरोपियों को काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभिषेक निवासी महरौली नई दिल्ली ने थाना पल्ला में दी अपनी शिकायत बताया कि वह प्राईवेट कंपनी में काम करता है, उनकी कंपनी ऑनलाईन खरीदे सामान को ग्राहकों तक पहुंचाने का काम करती है।

### अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को दबोचा



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने 2 आरोपी शहजाद व धीरज को मोटरसाइकिल सहित किया काबू। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा चोरों पर लगातार कार्रवाही जारी है कार्रवाही करते हुए अपराध शाखा एवीटीएस की टीम ने आरोपी शहजाद निवासी धौज ने मोटरसाईकिल को गॉव चंदावली से चोरी किया था।

### खाते से निकाले 54 हजार रुपए



**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में चार युवकों ने एक युवक का डेबिट कार्ड बदलकर 54,200 रुपए निकालने का मामला सामने आया है। मोबाइल पर रुपए निकलने का मैसेज आने के बाद पीड़ित को जानकारी हो पाई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरु कर दी है।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में की शिरकत

# बाबा साहब के दिखाए संवैधानिक रास्ते पर चलकर सरकार समाज हित में जुटें: मंत्री कृष्णपाल गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हिंदुस्तान में जिस संविधान के तहत चुनाव होते हैं सरकारें बनती हैं कार्यपालिका, न्यायपालिका जो भी कार्य करती है उस सभी संविधान के निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर हैं। भारत सरकार के केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रविवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

सर्वप्रथम हार्डवेयर चौक स्थित डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की सफाई कर उन पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बताया कि आंबेडकर जयंती की



पूर्व संध्या यानी आज 13 अप्रैल को प्रदेश के सभी पार्कों और स्मारकों में स्थापित महापुरुषों व राष्ट्र नायकों की प्रतिमाओं की विशेष साफ-सफाई कराई जाएगी और पूरे देश में रात्रि के समय दीपोत्सव का आयोजन होगा।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मनाया जा रहा एक ऐतिहासिक प्रयास है। यह पहल बाबासाहब के प्रति सम्मान और उनके योगदान को याद करने का भी एक प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर अपने पूरे जीवन में समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति के सम्मान और अधिकारों के लिए लड़ते रहे। सबके साथ समान व्यवहार, समान न्याय व सबके पास समान अधिकार हो बाबा साहब पहले दिन से ही इसके लिए संघर्ष करते रहे। बाबा साहेब किसी एक समाज के नहीं थे वह तो पूरे देश की अमानत है। उन्होंने बिना किसी भेदभाव, जात-पात के संविधान का निर्माण किया। आज जो हम सबको समानता का अधिकार है वह बाबा साहेब की ही देन है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का जो संदेश दिया वह आज भी हमारे लोकतांत्रिक ढांचे की मूल आधारशिला है। ऐसे महान व्यक्तित्व को स्मरण करना केवल एक परंपरा निर्वहन नहीं, बल्कि हमारे नैतिक दायित्वों का निर्वाह है।

उन्होंने आगे बताया कि यह जन जागरूकता अभियान है, जिसके माध्यम से लोगों को बाबा साहब आंबेडकर के विचारों, उनके संघर्ष और उनके अतुलनीय योगदान से अवगत कराया जा रहा है। कार्यक्रम का दूसरा चरण सायंकाल दीप महोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। हार्डवेयर चौक सहित शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों को दीपों की सजावट से आलोकित किया जाएगा।

### सौंदर्यीकरण का काम निरंतर जारी है

बड़खल विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि जिला के सभी चौकों के सौंदर्यीकरण का काम निरंतर चल रहा है और जल्द ही आपको यह बदलाव देखने को मिलेगा। सभी महापुरूषों की प्रतिमाओं को ग्लास पैनल से कवर किया जायेगा ताकि उन पर धूल मिट्टी न जमा हो। बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से हमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का जो संदेश दिया, वह आज भी हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे महापुरुष को याद करना मात्र औपचारिकता नहीं, यह हमारे कर्तव्यों की पूर्ति है। मेयर प्रवीण जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष फरीदाबाद पंकज पूजन रामपाल और बल्लभगढ़ से भाजपा जिला अध्यक्ष सोहनपाल छोकर सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित रहे।

टूर्नामेंट का आयोजन विजय यादव क्रिकेट अकादमी पर किया गया

# द्वितीय ऑल इंडिया रावल कप पर विजय यादव क्रिकेट अकादमी का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

द्वितीय ऑल इंडिया रावल कप का रविवार को समापन हो गया। विजय यादव क्रिकेट अकादमी ने दिल्ली की आरसीए को हराकर कप पर कब्जा किया। समापन अवसर पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सिलेक्शन कमेटी के सदस्य व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अजय रतड़ा बतौर मुख्य अतिथि तथा अकॉर्ड अस्पताल के निर्देशक डॉक्टर युवराज रावल शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अनिल रावल, विजय यादव क्रिकेट अकादमी के संस्थापक एवं पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी विजय यादव, स्लेज हैमर क्रिकेट अकादमी के संस्थापक प्रदीप मोंहती, राज भाटिया व कोच अनिकेत उपस्थित थे। एक माह तक चले इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन विजय यादव क्रिकेट अकादमी पर किया गया।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला विजय यादव अकादमी एवं दिल्ली की आरसीए क्रिकेट टीम के मध्य हुआ तथा विजय यादव क्रिकेट




अकादमी ने आरसीए को हराकर कप पर कब्जा किया। उपस्थित खेल प्रेमियों के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय रतड़ा ने कहा कि क्रिकेट का क्रेज दिन प्रतिदिन युवाओं में बढ़ता जा रहा है तथा युवाओं की प्रतिभा को उजागर करने के लिए बहुत सारे मंच भी अब उपलब्ध कराए जा रहे हैं जिससे खिलाड़ियों को अति शीघ्र बड़े लेवल पर खेलने का मौका मिल जाता है।

उन्होंने विजय यादव क्रिकेट अकादमी के क्रिकेट को प्रमोशन करने के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि विजय यादव क्रिकेट अकादमी युवाओं को प्रतिभा प्रदर्शन करने का मंच प्रदान कर रही है तथा महिला क्रिकेट को भी बढ़ाने में योगदान दे रही है।

# सेक्टर-46 ने किया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर व मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने शिविर की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-46 और धुरविका मेडिकेयर सेंटर व एसएसबी हार्ट एण्ड मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल द्वारा संयुक्त रूप से निःशुल्क स्वास्थय जांच शिविर का आयोजन सामुदायिक भवन सेक्टर-46 में किया गया।

इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली मौजूद थे। इसके अलावा आरडब्लूए सेक्टर 46 प्रधान राजसिंह बैंसला, महासचिव आर.के. पंत, उपप्रधान धर्मबीर खटाना, हीरालाल शर्मा, ए.एल पाल, टीआर गुगलानी, एके भटनागर, जगदीप शरण भी




मौजूद थे। शिविर में ध्रुविका मेडिकेयर सेंटर व एसएसबी हार्ट एण्ड मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल के अनुभवी डाक्टरों जिसमें डॉ. सुरेन्द्र कुमार मीना एसएसबी अस्पताल और धुरविका मेडिकेयर सेंटर के संस्थापक, डॉ अजय बेलिया कार्डियो, डॉ. रोहित मुखर्जी चेस्ट फिजिशियन, डॉ. शैलेन्द्र ऑर्थो, डॉ नीति गायनी व डॉ अनुपमा फिजियो की टीम ने हृदय रोग, छाती रोग, स्वास रोग, स्त्री रोग और हड्डी एवं जोड़ रोग की जांच की गई। इस अवसर पर मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि एक छत के नीचे स्वास्थय संबधी सभी सुविधाएं देना और वो भी बिल्कुल नि शुल्क वाकई में सराहनीय कार्य है।

राजीव जेटली ने कहा कि आरडब्लूए और सामाजिक संस्थाओं द्वारा समय समय पर लगाए जाने वाले इस प्रकार के स्वास्थय जांच शिविर लोगों के लिए लाभदायक सिद्व होते है। जो व्यक्ति अपने शरीर के प्रति जागरूक नहीं होता उसे बिमारियों का सामना करना पड़ता है। प्रधान राजसिंह बैंसला ने कहा कि उनके बड़े बुर्जगों ने हमेशा से ही उन्हें परोपकार करने की प्रेरणा दी है और उनके आर्शीवाद का ही नतीजा है कि वे समय-समय पर इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने में अपना सहयोग देते रहते है ताकि लोगों की मदद हो सके।

आरोपी रात के समय दुकान के बाहर खड़े होकर रैकी करते थे

# गन पॉइंट पर मेडिकल स्टोर पर लूट करने वाले पांच आरोपी धराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

पालम विहार क्राइम ब्रांच ने हथियार के बल पर मेडिकल स्टोर में लूट करने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चार आरोपियों को अदालत में पेश करके तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान आरोपियों से दो पिस्टल, वारदात में प्रयोग किए गए हेलमेट और 1.10 लाख रुपए बरामद किए हैं।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशुतोष निवासी हरिवंशपुर, गोंडा (उत्तर प्रदेश), मनीष निवासी कोहरड (रेवाड़ी), अजय व अजय पाल निवासी बधपुरा, इटावा (उत्तर प्रदेश) और हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी कृष्ण निवासी पूरा रेवाड़ी, इटावा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी आशुतोष, मनीष, अजय व आशीष पाल को नौ अप्रैल को बसई चौक के पास से गिफ्तार किया। वहीं, आरोपी कृष्ण को बीते शनिवार को इटावा से गिरफ्तार किया।

आरोपी आशुतोष, मनीष, अजय व आशीष पाल को अदातल में पेश करके तीन दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया। पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान आरोपियों से दो पिस्टल, वारदात में प्रयोग किए गए हेलमेट और 1.10 लाख रुपए बरामद किए।

भिन्न-भिन्न कंपनियों के कुल 425 मोबाइल बरामद

# गाजियाबाद पुलिस ने एक करोड़ रुपए के बरामद मोबाइल स्वामियों को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी सात थानों व सर्विलांस/ स्वाट टीम द्वारा भिन्न-भिन्न कंपनियों के बदमाशों के पास से बरामद किए गए कुल 425 मोबाइल फोन उनके स्वामियों को सौंप दिये। इन मोबाइल फोन की कीमत लगभग एक करोड़ रुपए है।

डीसीपी नगर राजेश कुमार ने रविवार को बताया कि सी ई आई आर (सेन्ट्रल इक्वीपमेंट आइडेंटीटी रजिस्ट्रर) पोर्टल पर नगर जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर मोबाइल चोरी, स्नैचिंग/लूट व मोबाइल खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए नगर जोन पुलिस टीम ने सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की सहायता से भिन्न-भिन्न कंपनियों के कुल 425 मोबाइल बरामद किए। सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिये तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया । बरामद किए गए मोबाइल फोन को मोबाइल फोन के स्वामियों की पहचान कर प्रदान किये गए हैं ।



### थानावार बरामद मोबाइल फोन

| | |
|---|---|
| 1.थाना कोतवाली नगर- | 137 |
| 2.थाना विजयनगर - | 55 |
| 3.थाना सिहानीगेट- | 64 |
| 4.थाना नंदग्राम – | 63 |
| 5.थाना कविनगर - | 52 |
| 6.थाना मधुबन बापुधाम - | 42 |
| 7.थाना साइबर क्राइम- | 12 |
| कुल योग – | 425 |

### 442 चालकों के काटे चालान

**गुरुग्राम।** बीते एक सप्ताह में ड्रिंक एंड ड्राइव करने पर ट्रैफिक पुलिस ने चार महिलाओं सहित 442 वाहन चालकों के चालान काटे हैं। एसीपी यातायात मुख्यालय/हाईवे सत्यपाल यादव की देखरेख में ट्रैफिक पुलिस ने सात अप्रैल से 13 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। ट्रैफिक पुलिस की विभिन्न पुलिस टीमों का गठन करके चिन्हित स्थानों पर तैनात की गई।

नाका लगाकर जांच के दौरान तीन महिला वाहन चालकों सहित 442 चालकों को शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़ा।

# बैसाखी पर रोजवेल पब्लिक स्कूल में लगा आधार कार्ड व निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

## विधायक शर्मा ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

विजयनगर स्थित रोजवेल पब्लिक स्कूल पर बैसाखी के अवसर पर आधार कार्ड शिविर व मुफ्त नेत्र जाँच शिविर लगाया गया। जिसका शहर विधायक संजीव शर्मा ने रिबन काटकर उद्घाटन किया। विधायक संजीव शर्मा ने बैसाखी के पावन पर्व की बधाई देते हुए अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंच एवं राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित जनहित के कार्य आधार कार्ड शिविर तथा नेत्र जांच शिविर जैसे



पुनीत कार्य आयोजित करने की सराहना की। मुख्य अतिथि के रूप में संदीप बंसल , संजय बिंदल, बालकिशन गुप्ता व पंडित अशोक भारतीय आदि ने क्षेत्र की जनता से ज्यादा से ज्यादा आधार कार्ड बनवाने एवं नेत्रों की जांच करने की अपील की। रोज बैल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अध्यक्ष बलप्रीत सिंह एवं आदि ने सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह देखकर पटका पहनाकर स्वागत किया आधार कार्ड शिविर में डाक विभाग की टीम ने अपने अधिकारियों द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया तथा श्रेया आई सेंटर के स्टाफ ने सभी की जांच की इस कैंप में 18 वर्ष की आयु तक के नए आधार कार्ड बनाए गए ।

ब्लाइंड मर्डर मामले में तीन आरोपी पकड़ाए, भेजा जेल

# लूटपाट करने के लिए मारपीट करके की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

थाना सेक्टर-14 की पुलिस टीम ने ब्लाइंड मर्डर मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से मृतक का आधार कार्ड, बैग और वारदात को अंजाम देने में प्रयोग की गई एक बेल्ट बरामद की है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनुराग निवासी गांव बलारपुर, कनौज (उत्तर प्रदेश), मोहित मिश्रा निवासी गांव महेन्द्र, बलिया (उत्तर प्रदेश) और विकास उर्फ दुर्लभ निवासी करमेघ, मधुबनी (बिहार) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी अनुराग व मोहित मिश्रा को 10 अप्रैल गुरुग्राम बस स्टैंड से गिरफ्तार किया। 11 अप्रैल को आरोपी अनुराग व मोहित मिश्रा को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया। पुलिस हिरासत रिमांड के दौरान पूछताछ के आधार पर मामले तीसरे आरोपी विकास उर्फ दुर्लभ रविवार को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी अनुराग व मोहित मिश्रा को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेजा दिया है। वहीं, आरोपी विकास उर्फ दुर्लभ को रविवार को अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

### आरोपी चलाते हैं ऑटो

पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि वे सभी ऑटो रिक्शा चलाते है और रात में ऐसे किसी व्यक्ति की तलाश करते है जो अकेला घूम रहा हो या अकेला सो रहा हो। ये तीनों उसका सामान चोरी कर लेते या छीन लेते थे। मामले में जितेंद्र (मृतक) बस अड्डा के पास बने लोहे के सब-वे पर सो रहा था। आरोपी जब जितेंद्र (मृतक) का बैग चोरी करने लगे तो उसकी आंख खुल गई। जितेंद्र ने बैग न देने के लिए कहा तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसका सामान लेकर भाग गए। आरोपियों द्वारा की गई मारपीट के कारण जितेंद्र की मौत हो गई थी।

### मामला इस प्रकार है

छह मार्च को पुलिस ईआरवी के माध्यम से थाना सेक्टर-14 को सूचना मिली कि बस अड्डा के पास लोहे के सब-वे पर एक अज्ञात युवक मृत अवस्था में पड़ा है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए सीन ऑफ क्राइम और पुलिस अधिकारियों से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया। शव का सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में चिकित्सों से निरीक्षण कराकर मचुरी में रखवा दिया। पुलिस ने छानबीन करते हुए मृतक की पहचान करके उसके परिजनों से संपर्क किया। सात मार्च को मृतक के पिता शिवनाथ सिंह ने उपस्थित आकर उसकी पहचान अपने बेटे जितेंद्र सिंह (40 वर्ष) निवासी हमीरपुर सौमवशी अलीगढ़, फर्रुखाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में की। मृतक के पिता ने लिखित में दिया कि उसका बेटा जितेंद्र सिंह लगभग साढ़े तीन साल से घर से आकर गुरुग्राम आग था।

### कमरे से मोबाइल लैपटॉप व नकदी सहित दस्तावेज चोरी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-56 थाना क्षेत्र में रात के समय अज्ञात व्यक्ति कमरे से मोबाइल, लैपटॉप व 26 हजार रुपए सहित अन्य दस्तावेज चोरी कर ले गया। वारदात के दौरान पीड़ित कमरे में ही सो रहा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके छानबीन शुरु कर दी है। बिहार के समस्तीपुर निवासी मो.आयूब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक निजी कंपनी में नौकरी करता है और घाटा गांव में किराए पर रहता है। 11 अप्रैल की रात वह अपने कमरे में सो रहा था और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद नहीं किया था। रात 12.30 बजे आंख खुली तो उसको मोबाइल नहीं मिला।

# युवती के दोस्त पर गोली चलाने पर दो आरोपी गिरफ्तार

## प्रेम प्रसंग के शक में रंजिश रखते हुए युवक पर चलाई थी गोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

प्रेम प्रसंग के चलते युवती के दोस्त पर गोली चलाने के मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोम शुक्ला निवासी गांव कोंच मोहल्ला गांधी नगर, जालौन (उत्तर प्रदेश) और रिंकू निवासी मथुरा (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी सोम शुक्ला को लखनऊ से और आरोपी रिंकू को मथुरा से गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि आरोपी सोम शुक्ला ने युवक पर गोली चलाकर जानलेवा करने की वारदात को अंजाम दिया था। वहीं, वारदात में प्रयोग किया गया हथियार सोम शुक्ला ने आरोपी रिंकू से खरीदा था। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

बीते बृहस्पतिवार की रात लगभग 8 बजे आयरिश पार्क बिल्डिंग सेक्टर-48 के पास एक युवक द्वारा गोली चलाने का मामला सामने आया था।

## सीएम ने की स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने की घोषणा

# दिल्ली बनेगा हेल्थ टूरिज्म हब : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को हेल्थ टूरिज्म हब के रूप में विकसित कर दिल्ली में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाया जाएगा ताकि राजधानी में विश्वभर के लोग इलाज के लिए आएं। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को सर गंगाराम अस्पताल के 70वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य पर्यटन से न केवल चिकित्सा सेवाएं मजबूत होंगी, बल्कि आर्थिक क्षेत्र को भी बल मिलेगा। दिल्ली सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार और समावेश की दिशा में सतत कार्य कर रही है। इस वर्ष हमने स्वास्थ सेवाओ को बेहतर बनाने के लिए 12 हजरी 893 करोड़ के बजट के आवंटन के साथ साथ अनेक बुनियादी सुविधाओं के लिए कदम उठाया है। जिसमें 2 हजार 144 करोड़ रुपए की राशि आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन हेतु आवंटित की गई है, साथ ही राजधानी में 24 नए अस्पतालों के निर्माण की दिशा में भी ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके



अतिरिक्त 16 हजार से अधिक नए बेड्स और 400 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स / आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जा रहे हैं। हमारा प्रयास है कि दिल्ली में प्रत्येक नागरिक को विश्वस्तरीय, सुलभ और सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार केवल कागजी योजनाओं तक सीमित नहीं, बल्कि हम जमीनी हकीकत को समझते हैं और समाधान को धरातल पर लाने के लिए कार्य कर रहे हैं।

सीएम रेखा गुप्ता ने सर गंगा राम की विरासत को नमन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनके योगदान को याद किया और सर गंगाराम अस्पताल के कोविड काल के दौरान किए गए काम की सराहना भी की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि सर गंगा राम अस्पताल सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और चिकित्सा उत्कृष्टता का प्रतीक है। 1921 में लाहौर से शुरू हुई इस विचारधारा ने 1954 में दिल्ली में एक नई उड़ान भरी, और आज यह संस्थान राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सम्मान प्राप्त कर चुका है। मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के समाज के लिए दिए गए योगदान को याद किया, विशेष रूप से कोविड काल के दौरान अस्पताल द्वारा निभाई गई अग्रणी भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि सर गंगा राम अस्पताल पूरे देश में अपनी साख रखता है।

### 'पिछली सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नहीं किया कोई खास काम'

दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि मुझे अफसोस है कि पिछली सरकारों ने स्वास्थ्य क्षेत्र में उतना काम नहीं किया, जितना होना चाहिए था। कोविड महामारी के दौरान कई लोगों ने बिना इलाज के अपनी जान गंवाई, और उस समय राज्य सरकारों की निष्क्रियता सामने आई थी। लेकिन गंगाराम अस्पताल के डॉक्टरों ने ऐसे महामारी के माहौल में भी सेवा और समर्पण से सभी मरीजो का इलाज किया।

### हमारा संकल्प, हर नागरिक को मिले समय और गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं

सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि हर नागरिक को समय पर, सुलभ और गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य सेवाएं मिलें। स्वस्थ दिल्ली, आत्मनिर्भर भारत की नींव है, और हम इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं। समाज को ऐसे संस्थानों की जरूरत है, जो स्वास्थ्य सेवा को सेवा का माध्यम मानकर काम करें। और सरकार ऐसे संस्थानों को नीति, संसाधन और संरचना के स्तर पर हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में रोज नहीं हो रही सफाई गलियों में लग रहे कूड़े ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में रोजाना सफाई न होने से गलियों और सड़कों पर कूड़े के ढेर लग रहे हैं। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर में कई वार्डों में कूड़े के ढेर लगे हुए है। लक्ष्मीनगर के शकरपुर वार्ड, पांडव नगर वार्ड के अंतर्गत मंडावली क्षेत्र का तो बहुत बुरा हाल है। वहां रोज सफाई न होने नालियां जाम पड़ी हैं। मंडावली में गली नंबर 3 के बाहर सड़क पर कई जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। वहीं मंडावली मने मार्किट की सड़क पर भी श्रीनाथ चाऊमीन के सामने कूड़ा पड़ा रहता है। इससे आने जाने वाले को काफी परेशानी होती है। शकरपुर वार्ड की बात करें तो स्कूल ब्लॉक पार्ट 2 स्थित सोमदत्त चेरिटेबल क्लिनिक के पास कूड़े के ढेर लगे हुए हैं तथा नालियां ओवरफ्लो बह रही है। इसके अलावा शकरपुर मेन मार्किट स्कूल ब्लॉक तथा शकरपुर दोनों तरफ कूड़े के ढेर लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर एमसीडी के कर्मचारी रोज सफाई करें तो लोगों को इस परेशानी से छुटकारा मिल सकता है। लेकिन वह रोज सफाई नहीं करते हैं।

## केजरीवाल की तरह भाजपा सरकार भी अस्पतालों में नकली दवाइयों की आपूर्ति रोकने में नाकाम : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस कमेटी ने आरोप लगाए है कि पूर्व केजरीवाल सरकार की तरह ही भाजपा सरकार भी अस्पतालों में आपूर्ति हो रही नकली दवाओं को रोकने में बुरी तरह नाकाम साबित हो रही है। दिल्ली अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि मौजूदा भाजपा की दिल्ली सरकार भी पिछली केजरीवाल सरकार की तरह अस्पतालों में नकली दवाइयों की खेप रोकने में नाकाम साबित हो रही है। जिसके चलते मरीजों को गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की जगह नकली दवाओं से जान जोखिम में डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि नकली दवाइयों के अस्पतालों और दुकानों तक पहुँचने में फार्मेसी कर्मियों सहित अस्पताल व इसके कर्मचारियों की मिलीभगत उजागर हो चुकी है। बावजूद इसके अगर भाजपा सरकार और पुलिस दवा माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने से डरती क्यों है। यादव ने कहा कि राजधानी में लोगों की जान को खतरे में डालने वाली नकली दवाओं के धंधे पर किसी को चिंता नहीं है।

## डेंगू, मलेरिया पर नियंत्रण के लिए निगम कर रहा दिल्ली देहात के लोगों को जागरूक

**नई दिल्ली।** हाल ही में हुई बारिश के बाद मच्छरों के पनपने की संभावना अधिक हो गई है और ऐसे में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जन स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस बार जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली देहात के लोगों को जागरूक करने के लिए अलग से तैयारी की है। नरेला जोन के जन स्वास्थ्य विभाग में उप स्वास्थ्य अधिकारी (डीएचओ) डॉ अजय हांडा ने जानकारी देते हुए बताया कि देहात इलाके में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए सबसे बेहतर माध्यम चौपाल की बैठकों को माना जा रहा है।



डीएचओ डॉ हांडा ने बताया कि एमसीडी के जन स्वास्थ्य विभाग में एमएचओ डॉ एलआर वर्मा, डॉ एसपी अहीर और डॉ अजय हांडा ने संयुक्त रूप से एक अध्ययन में पाया कि ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडबिल, मुनादी और समाचार पत्रों, टीवी आदि में विज्ञापनों के माध्यम से डेंगू, मलेरिया बुखार के संक्रमण और इसकी रोकथाम के बारे में वर्तमान, गतिविधि अधूरी और अपर्याप्त है। जबकि चौपाल बैठकों में दी गई जानकारी समाचार पत्रों, टीवी आदि में विज्ञापनों की तुलना में काफी कारगर साबित हुई हैं। डॉ हांडा ने बताया कि इस अध्ययन में चौपाल बैठकों में जो बताया जाता है, ग्रामीण उस पर विश्वास करते हैं और जन स्वास्थ्य के मामले में सावधानी बरतते हैं साथ ही डेंगू मच्छरों की उत्पत्ति पाने पर शिकायत व प्रतिक्रिया भी देते हैं।

## उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दी बिहू और बैसाखी की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। असमिया नववर्ष बिहू व सिख समुदाय के नववर्ष बैसाखी के अवसर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उपराज्यपाल ने कहा कि हमारी साझी विरासत के रंग और नव अंकुरित उम्मीदों के संग, बिहू और बैसाखी की ढेरों शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी कृषि परंपरा, सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक एकता के प्रतीक हैं। नव अंकुरित फसलें और नई उमंगें, हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का संचार करें। एलजी ने कहा कि भारत विविधता में एकता का अनूठा देश है, जो पूरे विश्व को रोशन करने की क्षमता रखता है।


## 'रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड' से महिला सशक्तिकरण का दिया संदेश



■ सेवा भारती द्वारा आयोजित दौड़ में पांच हजार से अधिक धावकों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सेवा भारती ने 'रन फॉर ए गर्ल चाइल्ड' से महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए मैराथन का आयोजन किया, जिसमें पांच हजार से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। सेवा भारती अध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हम भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में तो प्रयासरत हैं ही, साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में भी इसे वैश्विक नेतृत्व प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। 'इस मैराथन' के माध्यम से हम वंचित और सुविधा संपन्न वर्गों को एक साझा मंच पर लाकर महिला सशक्तिकरण और समावेशन का संदेश दे रहे हैं। सेवा भारती की सचिव एवं कार्यक्रम संयोजिका निधि आहूजा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पांच बजे दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक में अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना की धर्मपत्नी संगीता सक्सेना, केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया की धर्मपत्नी अनीता मांडविया, दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त मधुप तिवारी, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, पैरा ओलंपिक पदक विजेता प्रीति पाल, तथा सेवा भारती के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल ने संपन्न कराया। इस मैराथन की 10 किलोमीटर (टाइम रन), 5 किलोमीटर (फन रन) और 3 किलोमीटर (फन रन) जैसी तीन श्रेणियां रही जिसमें बड़ी संख्या में धावकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान शामिल गणमान्य व्यक्तियों ने सेवा भारती के इस प्रयास की सराहना की।






# 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर' जारी

**मुंबई।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म का नया पोस्टर जारी किया गया है। इसमें वह सिख दूल्हा बने हैं। अब तक फिल्म के कई पोस्टर जारी किए जा चुके हैं। इससे पहले ईद और राम नवमी के मौके पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जा चुका है। 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर बैसाखी के मौके पर रिलीज किया गया । नए पोस्टर में कपिल शर्मा एक सरदार बने हैं। उन्होंने हल्की गुलाबी रंग की शेरवानी और पगड़ी पहनी हुई है। उन्होंने गले में माला पहनी हुई है। कपिल के सामने उनकी होने वाली दुल्हन खड़ी है।

लाइफ Style

# गौहर

## बॉस लेडी की तरह किया रैंप वॉक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री गौहर खान ने 10 अप्रैल को ऐलान किया कि वह जैद दरबार के साथ अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। रविवार को एक फैशन शो में गौहर खान ने रैंप वॉक करते हुए बेबी बंप फ्लॉन्ट किया है। वहां मौजूद लोगों ने उनके लिए तालियां बजाईं।

गौहर खान के रैंप वाक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि गौहर खान हरे रंग की फैशन साड़ी पहने हुए हैं। उन्होंने अपने लुक को मिनिमल ज्वैलरी से कंपलीट किया है। साथ ही उन्होंने हाई पेंसिल हील पहनी हुई है। गौहर खान रैंप वॉक में बॉस लेडी की तरह लहरा के चली हैं। वह जब अपनी ड्रेस दिखा रही थीं इस दौरान कई यूजर ने उन्हें मुबारकबाद दी। गौहर खान लॉकडाउन के दौरान जैद दरबार से मिलीं। इसके बाद दोनों में प्यार हुआ। दोनों ने 2020 में शादी कर ली। 2023 में उन्होंने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। बच्चे का नाम जेहान है। 10 अप्रैल को गौहर खान ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर से सबको हैरान कर दिया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह जैद के साथ नाच रही थीं। इस दौरान वह अपना फोन नीचे रखकर पीछे की ओर खिसकती हुई कैमरे के सामने अपना बेबी बंप दिखाती नजर आईं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'बिस्मिल्लाह। आपके दुआ और प्यार की जरूरत है। अपने प्यार से दुनिया को नचाएं।' काम की बात करें तो गौहर फिलहाल रवि दुबे और सरगुन मेहता की 'लवली लोला' में ईशा मालवीय के साथ मुख्य भूमिका निभाती नजर आ रही हैं।



हॉलीवुड मसाला



# वह जो करे, अपनी मर्जी से करे...

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा अमेरिकन सिंगर निक जोनस से शादी करने के बाद हॉलीवुड में ही सेटल हो चुकी हैं। इनकी एक बेटी भी है। हाल ही में प्रियंका के पति निक जोनस ने एक शो में बताया कि वह अपनी बेटी के कॅरियर, फ्यूचर को लेकर क्या सोचते हैं? माता-पिता होने के नाते हम नहीं चाहते हैं कि मालती ऐसा वक्त देखे। यह हमारे लिए भी डरावनी बात होगी। हमारा काम अपने बच्चे को प्रोटैक्ट करना है। साथ ही हम यह भी चाहते हैं कि वह जो करे, अपनी मर्जी से करे।



# 'डेज़्ड एंड कनफ्यूज़्ड' से मिला था स्टारडम

**लॉस एंजिल्स।** 'डेज्ड एंड कन्फ्यूज्ड' फिल्म के एक्टर निकी कैट का 54 साल की उम्र में निधन हो गया है। हॉलीवुड स्टार 2000 के दशक की फॉक्स ड्रामा 'बोस्टन पब्लिक' में हैरी सीनेट और 2003 की 'स्कूल ऑफ रॉक' में रेजर के किरदार के लिए फेमस थे। निकी कैट को बतौर चाइल्ड एक्टर 1980 में 'फैंटेसी आइलैंड' के एपिसोड में पहला रोल मिला। उसके बाद उन्होंने फिल्म 'अंडरग्राउंड एसेस', और 'चिप्स' और 'वी' के एपिसोड में काम किया। हालांकि, रिचर्ड लिंकलेटर की 1993 की क्लासिक फिल्म 'डेज़्ड एंड कन्फ्यूज्ड' में उनकी असाधारण भूमिका ने उन्हें स्टारडम की राह पर ला खड़ा किया। फिल्म और टीवी से दूर उन्होंने वीडियो गेम 'स्टार वार्सः नाइट्स ऑफ द ओल्ड रिपब्लिक II - द सिथ लॉर्ड्स' में एटन रैंड की आवाज दी।



# स्टेज पर 'छम्मक छल्लो' पर किया डांस...


**मुंबई।** हाल ही में करीना कपूर खान का कराची की एक रेव पार्टी का एआई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वहीं. अब एक इवेंट से करीना की फिल्म का गाना 'छम्मक छल्लो' पर उनका डांस सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिस पर प्रशंसक अपनी लागातर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। शनिवार को करीना कपूर ने मुंबई के एक इवेंट में 'छम्मक छल्लो' गाने पर शानदार डांस किया। पारंपरिक कपड़ों में सजी करीना ने अपने हिट गाने के स्टेप्स दोहराए और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनका यह डांस वीडियो अब वायरल हो रहा है। करीना के इस वीडियो में पर उनके प्रशंसक लगातार कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'क्वीन', एक और फैन ने लिखा, 'कोई भी बेबो जैसी अदाएं नहीं दिखा सकती'।



# 14 साल छोटी गर्लफ्रेंड के साथ आए नजर

**मुंबई।** आमिर खान इन दिनों अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट को लेकर चर्चा में हैं। अपने जन्मदिन पर आमिर खान ने ऐलान किया था कि वह गौरी स्प्रैट के साथ रिश्ते में हैं। इसके बाद वह कई बार अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ कई जगहों पर स्पॉट किए गए हैं। हाल ही में गौरी स्प्रैट आमिर खान के साथ चीन में एक प्रोग्राम में नजर आईं। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फेस्टिवल में हाथ में हाथ डाले नजर आए। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस पर यूजर रिएक्शन दे रहे हैं।वायरल वीडियो पर कई यूजर्स अपना रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने आमिर और उनकी गर्लफ्रेंड की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है 'आमिर खान हमें आपसे प्यार है।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'ये स्टार है इसलिए मैरिज-मैरिज खेलते हैं।'

टीवी मसाला



# खतरों के खिलाड़ी 15 में होंगे एल्विश यादव

**नई दिल्ली।** कलर्स का रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी को लेकर खबर आई थी कि प्रोड्यूसर से शो से अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं। इन खबरों के बीच एल्विश यादव ने अपने नए ब्लॉग कुछ ऐसा कहा है कि जिसके उनके फैंस को लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा होंगे। एल्विश ने कहा कि वो किसी नई जगह जा रहे हैं और एक महीने तक वहीं रहेंगे। एल्विश यादव की इस बात को लेकर फैंस को लग रहा है वो खतरों के खिलाड़ी के शूट पर जा रहे हैं। एल्विश यादव ने एक व्लॉग पोस्ट किया है। वो गाड़ी में बैठे नजर आ रहे हैं और कह रहे हैं, मैं सिर्फ आज के लिए यहां र हूं, फिर निकल जाउंगा दूसरी जगह, तीसरी जगह। इस बार कोई नई जगह है, एक महीने के लिए वहीं हूं। काफी अच्छा प्रोजेक्ट है तुम्हारे भाई का, तो मजा आनेवाला है। इसके बाद व्लॉग में एल्विश अपनी मां से बात करते नजर आते हैं। वो अपनी मां से कहते हैं, बाय बाय, एक डेढ़ महीने के लिए गए हम। डेढ़ महीने के लिएन प्रोजेक्ट आ रहा है अपना बहुत बढ़िया। तो आशीर्वाद दे मां। डेढ़ महीने के लिए बाहर हूं मैं घर के, डेढ़ महीने के बाद ही दिखूंगा, पूरा करके उसको।' एल्विश यादव की इन्हीं बातों को फैंस से लग रहा है कि एल्विश यादव खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा हो सकते हैं।

## पराग और प्रेम का सुधरेगा रिश्ता बाप-बेटे लगाएंगे एक-दूसरे को गले

**नई दिल्ली।** अनुपमा सीरियल में रविवार को प्रेम और पराग फिर एक बार साथ आ जाएंगे, लेकिन अब मुश्किल यह है कि प्रेम जहां अपनी मां ख्याति को कोठारी मेंशन में वापस चाहता है, तो वहीं आर्यन किसी भी सूरत में अपनी मां को उस छत के नीचे नहीं देखना चाहता। सीरियल की शुरूआत होगी रात को अनुपमा के ख्याति का खयाल रखने से। अगली सुबह जब पूरा परिवार साथ बैठकर बातें कर रहा होगा तब अनुपमा अपनी बेटी राही और प्रेम को सलाह देगी कि उन्हें वापस कोठारी निवास चले जाना चाहिए। अनुपमा कहेगी कि तुम्हारी मां यहां हमारे साथ सुरक्षित है, जिनसे तुम रोज मिल सकते हो, लेकिन तुम्हारे पिता और दादी के प्रति भी तुम्हारी जिम्मेदारियां हैं। अनुपमा समझाएगी कि कोठारी निवास में रहकर तुम अपने पिता और मां को दोबारा करीब ला सकते हो।



# आखिरी वक्त में किशोर कुमार ने मधुबाला से बना ली थी दूरी

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा जगत में बहुत कम लोग ऐसे रहे जो बहुत कम वक्त में ही सफलता के शिखर पर पहुंचे। मधुबाला उनमें से एक थीं। उनकी जिंदगी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं थी। मधुबाला की जिंदगी जितनी सफल थी, उतनी ही दर्द से भरी भी। उन्हें देखकर कोई यकीन नहीं सकता था कि इस खूबसूरत और मुस्कुराते हुए चेहरे के पीछे इतना दर्द भरा होगा। मधुबाला के निधन के इतने सालों बाद आज पहली बार उनकी बहन, मधुर भूषण ने खुलासा किया कि कैसे एक घातक बीमारी ने उन्हें धीरे-धीरे अंदर से खा लिया, और जब इसका पता चला, तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

***होती थी खून की उल्टियां :*** मधुबाला की बहन, मधुर भूषण ने फिल्मफेयर को अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान मधुर ने बताया, 'मधुबाला की बीमारी का पहला लक्षण साल 1954 में तब सामने आया, जब अभिनेत्री बहुत दिन हुए की शूटिंग कर रही थीं। एक दिन, अभिनेत्री, जो केवल 20 साल की थी, अपने दांत ब्रश कर रही थी तभी उन्हें उसी समय खून की उल्टी होने लगी। उनकी हालत देखकर चिंतित दिलीप कुमार ने तुरंत मशहूर डॉ. रुस्तम जल वकील को मुंबई से बुलवाया। टेस्ट के बाद डॉ. रुस्तम ने एक चौंकाने वाली बात बताई कि मधुबाला को वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष था या आम भाषा में कहें तो दिल में छेद था।'



***दुनिया से छुपाया बीमारी :*** उन्होंने बताया, 'मधुबाला को उस समय बीमारी का पता चला जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। उस वक्त उनके पास एक नहीं बल्कि कई प्रोजेक्ट्स थे। वो करियर में रुकना नहीं चाहती थीं। उन्होंने दुनिया से अपनी गंभीर बीमारी को छिपाते हुए काम करते रहने का फैसला किया। मधुबाला ने बीमारी के बावजूद खुद को पूरी तरह से काम में डुबो दिया। इस दौरान उन्होंने 'मुगल-ए-आजम' में 'अनारकली' जैसी कई फिल्मों की शूटिंग पूरी की। कई बार वो सेट पर बेहोश जो जाती थीं, लेकिन इस मानसिक की कीमत उन्हें चुकानी पड़ी।

# बॉक्स ऑफिस पर 'जाट' ने दिखाई ताकत



**मुंबई।** सिनेमाघरों में इन दिनों कई बड़ी फिल्में दर्शकों का दिल जीतने की कोशिश कर रही हैं। शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने शानदार वापसी की, तो कुछ अब भी रफ्तार पकड़ने की जद्दोजहद में हैं। सनी देओल की 'जाट', अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' के कलेक्शन में अच्छा उछाल देखने को मिला। वहीं, सलमान खान की 'सिकंदर' बॉक्स ऑफिस को अलविदा कहने की तैयारी में नजर आई। सनी देओल की 'जाट'ने शनिवार को शानदार उछाल दर्ज किया। फिल्म ने तीसरे दिन 10 करोड़ रुपए की कमाई की, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 26.5 करोड़ रुपए हो गया है। 100 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म में सनी का देसी अंदाज दर्शकों को खूब पसंद आ रहा हैं। पहले दिन नौ करोड़ 50 लाख रुपएऔर दूसरे दिन सात करोड़ की कमाई के बाद शनिवार का यह उछाल फिल्म के लिए राहत की खबर है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने भी शनिवार को बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया। फिल्म ने 18.5 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की और इसका कुल कलेक्शन अब 62.75 करोड़ रुपए हो गया है। 190 करोड़ रुपए के बड़े बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन 28.5 करोड़ और दूसरे दिन 13.5 करोड़ रुपए कमाए थे। अजित का स्टाइलिश एक्शन और कहानी का रोमांच दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में कामयाब रहा है। शनिवार की कमाई ने साबित कर दिया कि यह फिल्म अभी भी दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, अपने बजट को पार करने के लिए इसे अभी और मेहनत करनी होगी।

# 'गरम हवा' में मुस्लिम किरदार निभाने के लिए याद किए जाते हैं बलराज साहनी, नहीं देख पाए थे अभिनय

***नई दिल्ली। 'धरती के लाल', 'दो बीघा जमीन' और 'गरम हवा' जैसी फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता बलराज साहनी की रविवार को पुण्यतिथि थी। वह अपनी एक फिल्म में मुस्लिम का किरदार निभाने के लिए सबसे ज्यादा याद किए जाते हैं, लेकिन वह खुद ये फिल्म नहीं देख सके थे।***



## पढ़ाई के बाद संभाला खानदानी कारोबार


बलराज साहनी एक मई 1913 को ब्रिटिश भारत के पंजाब के रावलपिंडी में पैदा हुए। बलराज साहनी ने अपनी शुरूआती पढ़ाई लाहौर के सरकारी स्कूल में पूरी की। साहनी ने हिंदी में स्नातक किया। उन्होंने लाहौर से अंग्रेजी में परास्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद बलराज साहनी अपना खानदानी कारोबार संभालने के लिए रावलपिंडी गए।

## बलराज साहनी की उपलब्धियां...

- बलराज साहनी ने पटकथा लेखन में भी हाथ आजमाया। उन्होंने 1951 की फिल्म 'बाजी' लिखी जिसमें देव आनंद मुख्य भूमिका में थे। इसका निर्देशन गुरु दत्त ने किया था।
- बलराज साहनी ने बॉलीवुड के अलावा पंजाबी फिल्म 'नानक दुखिया सब संसार' (1970) और 'सतलुज दे कंडे' में काम किया।
- बलराज साहनी उन कलाकारों मे शामिल हैं, जिन्होंने पद्मिनी, नूतन, मीना कुमारी, वैजयंती माला और नरगिस के साथ काम किया।
- नई पीढ़ी बलराज साहनी को उनके गाने 'ऐ मेरी जोहरा जबीं' के लिए याद करती है। ये गाना 'वक्त' (1965) फिल्म का है।

## सात साल के बाद बॉलीवुड में मिली पहचान

बलराज साहनी हमेशा से अभिनय करना चाहते थे। उन्होंने 'इंडियन पीपल थियेटर एसोसिएशन' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी। लंदन से लौटने के बाद साल 1946 में बलराज साहनी ने बॉलीवुड की फिल्म 'इंसाफ' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म 'धरती के लाल' और 'दूर चलें' में नजर आए। ये साल 1953 था जब बलराज साहनी ने बिमल राय की फिल्म 'दो बीघा जमीन' में काम किया। इस फिल्म से उन्हें काफी शोहरत मिली। फिल्म को कांस फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड दिया गया। बलराज साहनी की दूसरी मशहूर फिल्मों में 'काबुलीवाला' और 'वक्त' है।



## इस रोल के लिए सबसे ज्यादा किए जाते हैं याद

बलराज साहनी ने फिल्म 'गरम हवा' में अभिनय किया। इस फिल्म में उन्होंने एक मुस्लिम का किरदार निभाया जो विभाजन के दौरान पाकिस्तान जाने से इंकार कर देता है। साहनी के इस रोल को लोगों ने खूब सराहा। हैरत की बात यह है कि बलराज साहनी इस फिल्म को नहीं देख सके। फिल्म की डबिंग का काम खत्म करने के अगले दिन ही उनका देहांत हो गया।

## शादी और परिवार

बलराज साहनी की पहली शादी साल 1936 में दमयन्ती साहनी से हुई थी। साल 1947 में उनकी पत्नी का देहांत हो गया। साल 1951 में उन्होंने संतोष चंडोक से दूसरी शादी की। बलराज साहनी और दमयन्ती साहनी से एक बेटा परीक्षित साहनी हैं। परीक्षित साहनी भी बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता हैं। हिंदी के बेहतरीन लेखक भीष्म साहनी, बलराज साहनी के भाई हैं। भीष्म साहनी ने कई नाटक लिखे और अभिनय भी किया।

## खबर संक्षेप

### प्रयागराज में दलित की हत्या पर भड़के अखिलेश



**प्रयागराज।** दलित युवक की हत्या के बाद शव जलाने की घटना पर अखिलेश यादव ने नाराजगी जताई है। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सत्ता का अपने लोगों को दिया प्रश्रय और अहंकार अब सरेआम हत्यारे तक करवा रहा है। योगी सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश ने कहा कि क्या आपराधिक तत्वों के घर पर बुलडोज़र भेजा जाएगा। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा।

### एनटीपीसी की एक के बाद एक तीन यूनिटें ठप



**रायबरेली।** एनटीपीसी परियोजना में एक के बाद एक तीन यूनिटें बंद हो गई हैं। यूनिट संख्या तीन में सूट ब्लोअर कपलिंग टूट गई। चार नंबर इकाई के बॉयलर में रिसाव होने से उसे बंद कर दिया गया। वहीं पांचवीं यूनिट में भी तकनीकी खराबी आने से उसे बंद कर दिया गया है। एक साथ तीन यूनिटें बंद होने से अधिकारियों में खलबली मच हुई है। हालांकि जिम्मेदार यूनिटों को शुरू कराने के प्रयास में लगे हुए हैं।

### बागपत में 5 कुत्ते काटकर तालाब में फेंका



**बागपत।** अमीनगर सराय के गौसपुर गांव में रात में भौंकने पर पांच कुत्तों को काटकर तालाब में फेंक दिया गया। रविवार की सुबह तालाब में उनके शव पड़े मिले तो गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने सिंघावली अहीर पुलिस से शिकायत करते हुए कुत्तों को मारने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि  कुत्ते रात में आवागमन करने वालों पर भौंकते रहते थे।

## अयोध्या में 'रन फॉर राम' मैराथन का आयोजन, हजारों ने लिया हिस्सा

### प्रतिभागियों को मेडल और टी-शर्ट मुफ्त में दिए गए

राम पथ पर आयोजित मैराथन में देशभर से आए हजारों धावकों ने हिस्सा लिया। मैराथन तीन श्रेणियों में आयोजित की गई। पहली श्रेणी 21 किमी की फुल मैराथन थी, जिसमें प्रथम पुरस्कार 21,000, द्वितीय 15,000 और तृतीय 7,500 दिया।

एजेंसी ⏭ अयोध्या

रामनगरी में रविवार सुबह से ही रन फॉर राम मैराथन का आयोजन हुआ, जिसमें 21 किलोमीटर की दौड़ सुबह 4:00 बजे शुरू हुई। इसके बाद 7:00 बजे 10 किलोमीटर और फैमिली मैराथन के लिए 3 किलोमीटर की दौड़ प्रारंभ हुई। तीनों प्रकार की दौड़ों में हजारों लोग शामिल हुए। खेल मंत्री और राम मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारंभ किया।



### खेल को आध्यात्म से जोड़ने का अभिनव प्रयास

यह मैराथन रामपथ पर आयोजित की गई थी। परिक्रमा नवीनीकरण मार्ग पूर्ण होने के बाद, जल्द ही 14 कोष की परिक्रमा मार्ग पर मैराथन का आयोजन होगा। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद 3 वर्ष पूर्व, राम मंदिर ट्रस्ट ने युवाओं को खेल और आध्यात्म से जोड़ने के लिए रन फॉर राम प्रतियोगिता की शुरुआत की थी, जिसे बाद में क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित किया जाने लगा। आज हजारों राम भक्त इस मैराथन में शामिल हुए, जिसमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ें थीं। इसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे, और विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को मेडल और टी-शर्ट मुफ्त में दिए गए।

### देश के विभिन्न प्रांतों से आए धावकों ने इसमें हिस्सा लिया

क्रीड़ा भारती उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अवनीश सिंह ने बताया, "यह तीसरा मौका है, जब अयोध्या में 'रन फॉर राम' का आयोजन हुआ। देश के विभिन्न प्रांतों से आए धावकों ने इसमें हिस्सा लिया। 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की दौड़ में लाखों रुपये के पुरस्कार वितरित किए गए। फन रन में सभी को मेडल और टी-शर्ट दिए गए। यह आयोजन आस्था और उत्साह का अनूठा संगम है।"

### क्रीड़ा भारती का आयोजन

3 किलोमीटर की फन रन धर्मपथ पर आयोजित की गई। इस मैराथन का आयोजन हर साल क्रीड़ा भारती करती है। आयोजन में विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, प्रांत अध्यक्ष गोविंद पांडेय, आर.बी. सिंह, शिवांक रमन भदोरिया, अवधेश वर्मा, अनिल अग्रवाल, सत्यम कनौजिया सहित क्रीड़ा भारती के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला

## मुर्शिदाबाद हिंसा पर भड़के सीएम योगी आदित्यनाथ कांग्रेस-सपा और टीएमसी पर भी जमकर बरसे

**खास बातें**

- मुर्शिदाबाद में तीन दलित हिंदुओं को घर से खींचकर मार डाला
- बांग्लादेश में दलितों पर अत्याचार

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि ये सब कुछ जानबूझ कर होने दिया जा रहा है, ताकि नए कानून की खिलाफत होती रहे।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ की जमीन पर जब अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई तो हिंसा भड़काई गई। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में तीन दलित हिंदुओं को घर से खींचकर मार डाला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वही गरीब, दलित और वंचित लोग हैं, जिन्हें जमीन वापसी के बाद असली फायदा मिलना था।



### सिर्फ वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं कांग्रेस समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस

सीएम योगी राजधानी लखनऊ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और तृणमूल कांग्रेस जैसे दल सिर्फ वोटबैंक की राजनीति कर रहे हैं और महापुरुषों के अपमान की एक लंबी श्रृंखला का हिस्सा हैं। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की बात उठाई और कहा कि वहां पीड़ित ज्यादातर दलित हैं। उन्होंने जिक्र किया कि जोगेंद्र नाथ मंडल ने पाकिस्तान का साथ दिया था, लेकिन एक साल भी वहां नहीं रह पाए। आज भी उनके फैसलों का खामियाजा बांग्लादेश के दलित हिंदू भुगत रहे हैं।

### सीएए का बचाव, विपक्ष पर भटकाने का आरोप

सीएम ने कहा कि सीएए के जरिए उन पीड़ितों को नागरिकता देने की कोशिश की गई, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धार्मिक आधार पर प्रताड़ित हुए। लेकिन कांग्रेस और सपा जैसे दल इसका विरोध करके देश में भ्रम फैलाते हैं। मुख्यमंत्री का आरोप था कि जो लोग दलितों और वंचितों की जमीन कब्जा करते हैं, उनका सीधा संबंध विपक्षी पार्टियों से होता है। सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है और अब जब जमीनें वापस ली जा रही हैं तो हिंसा भड़काई जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि जब 2012 में सपा की सरकार बनी थी, तब उन्होंने कांशीराम व अंबेडकर के नाम पर बनी इमारतों को खत्म करने की बात कही थी। वहीं भाजपा ने यह सुनिश्चित किया कि कन्नौज और अन्य जगहों पर अंबेडकर के नाम को सम्मान के साथ बरकरार रखा जाए।

### देश में दंगे फसाद के लिए मोदी और योगी जिम्मेदार'

टीएमसी विधायक मदन मित्रा ने कहा, 'देश में जो भी दंगा फसाद हो रहा है उसके लिए अमित शाह, पीएम नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ जिम्मेदार हैं। इस तरह की हिंसा में किसी की भी जान जाती है तो यह गलत है। जब तक ममता बनर्जी हैं बंगाल में कहीं भी हिंसा नहीं हो सकती है। ममता बनर्जी सभी को साथ लेकर चल रही हैं।



### मुर्शिदाबाद को पश्चिम बंगाल से अलग करने की साजिश

बंगाल हिंसा की खबरों के बीच बीजेपी नेता दिलीप घोष ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा- 'मुर्शिदाबाद जिले को पश्चिम बंगाल से अलग करने की साजिश चल रही है. हिंदू इलाकों में आगजनी और तोड़फोड़ हो रही है। हिंदुओं की हत्या की गई है, फिर भी बंगाल के डीजीपी कह रहे हैं कि कुछ नहीं हुआ'। वक्फ कानून के विरोध में शुक्रवार को मालदा, मुर्शिदाबाद, दक्षिण 24 परगना और हुगली जिलों में हिंसा भड़क गई थी और पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई। मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित इलाकों में झड़प के दौरान अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 2 लोगों की मौत शमशेरगंज में और 1 की मौत मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में हुई।



## प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार तत्पर आमजन भी बीड़ा उठाए : राव नरबीर

**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग ,वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि पर्यावरण प्रदूषण गुरुग्राम के साथ-साथ पूरे देश के लिए गंभीर समस्या का रूप ले चुका है। समय रहते न चेते तो मानव जाति का अस्तित्व निश्चित तौर पर ऐसे खतरे में पड़ जाएगा, जिससे बाहर निकलना असंभव होगा। अकेले सरकार प्रदूषण नियंत्रण नहीं कर सकती। इसके लिए आमजन को बीड़ा उठा कर सरकार के साथ आना होगा। राव नरबीर सिंह ने एसजीटी यूनिवर्सिटी में इंडियन प्रॉस्थोडॉन्टिक सोसायटी (आईपीएस) के 27वें पीजी कन्वेंशन में मुख्य अतिथि के रूप में देशभर से आए 2500 से अधिक डेंटल एक्सपर्ट्स व स्टूडेंट्स को संबोधित किया। इस अवसर पर एसजीटी यूनिवर्सिटी के मैनेजमेंट ट्रस्टी मनमोहन सिंह चावला विशिष्ट अतिथि थे। राव ने युवाओं व आम नागरिकों से अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए आज दो संकल्प अवश्य लें। पोलिथिन और शादी ब्याह के कार्ड पर स्वयं रोक लगा कर सभी अपना नैतिक धर्म निभाएं। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. ओंकार शेट्टी द्वारा स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात इंडियन प्रॉस्थोडॉन्टिक सोसाइटी के सचिव डॉ. जंगला हरि ने समाज की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। आईपीएस की अध्यक्ष डॉ. शिल्पा शेट्टी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में इस वर्ष के सम्मेलन की थीम के अनुरूप, स्थायित्व, नवाचार और भावी दृष्टिकोण को दंत चिकित्सा शिक्षा और प्रैक्टिस में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## कोलकाता में झारखंड पर्यटन रोड शो ने खोली नए निवेश व सहयोग की राह

एजेंसी ⏭ रांची

झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग ने कोलकाता में दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो का आयोजन किया, जिसमें राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम न सिर्फ निवेशकों के लिए एक बेहतरीन मंच बना, बल्कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच के पुराने, गहरे रिश्तों को भी एक बार फिर सामने लाया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं, बल्कि एक साझा विरासत का हिस्सा हैं। हमारी संस्कृति, परंपराएं और स्वाद सब कुछ



एक-दूसरे से जुड़े है। उन्होंने बताया कि झारखंड आने वाले ज्यादातर पर्यटक बंगाल से होते हैं। इसलिए इस टूरिज्म अभियान की शुरुआत कोलकाता से करना बहुत खास है। मंत्री ने कहा कि आइए झारखंड, जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत बहाते है, जहां पहाड़ सिर्फ ऊंचे नहीं, कहानियां भी कहते हैं और जहां हर यात्रा एक खास अनुभव बन जाती है। मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड सरकार पर्यटकों और निवेशकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है और झारखंड को पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर झारखंड पर्यटन विभाग की टीम ने कई प्रमुख बिजनेस ग्रुप्स और अन्य के साथ मीटिंग्स कीं। इन बैठकों में झारखंड में होटल, रिसॉर्ट और पर्यटन से जुड़ी अन्य सुविधाओं के विकास को लेकर चर्चा हुई।

### सऊदी अरब से घर पहुंचा था युवक

## एक और पति को 'नीले ड्रम' की धमकी पत्नी ने कहा-5-5 टुकड़े कर ड्रम में जमा दूंगी

एजेंसी ⏭ गढ़मुक्तेश्वर

सऊदी अरब से लौटे एक पति को 55 टुकड़े कर ड्रम में फ्रीज करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पति ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। उसका कहना है कि पत्नी ने मेरठ कांड जैसा हश्र करने की धमकी दी है। इस डर से वह कई दिन से घर भी नहीं गया।

युवक ने बताया कि उसका निकाह वर्ष 2008 में हुआ था। उसके चार बच्चे हैं। मेहनत मजदूरी कर परिवार को पाल रहा है। वर्ष 2019 में वह कमाने के लिए सऊदी अरब चला गया था। करीब चार साल बाद लौटा तो पत्नी का व्यवहार उसके प्रति बेहद खराब दिखा। आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि उसकी गैर मौजूदगी में घर पर गैर लोगों का आना-जाना बढ़ गया था।



### झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी

उसने गैर लोगों के बारे में पूछा तो पत्नी ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। ससुराल पक्ष से बात की तो उन्होंने भी साथ नहीं दिया। पीड़ित का कहना है कि कुछ दिन पहले उसने पत्नी को समझाने की भी कोशिश की। इस पर पत्नी ने हाल ही में मेरठ के ब्रह्मपुरी क्षेत्र में हुए हत्याकांड का हवाला देते हुए कहा उसकी भी हत्या के बाद शव के 55 टुकड़े कर ड्रम में फ्रीज कर देगी। पत्नी की इस धमकी से वह डरा सहमा है। कई दिनों से घर भी नहीं जा रहा है। सीओ वरुण कुमार मिश्रा का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर जांच कराई जा रही है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### अब रिश्तेदारों से नहीं लूंगा राजनीतिक सलाह

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी से निकाले जाने के बाद किए गए ट्वीट को लेकर आकाश आनंद ने पार्टी सुप्रीमो और बुआ मायावती से मांग ली है। आकाश आनंद ने माफी मांगते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कई पोस्ट भी किए हैं। आकाश आनंद ने माफी वाले पोस्ट में एक बार फिर बसपा में शामिल होने की इच्छा जताई है। सोशल मीडिया एक्स पर आकाश आनंद ने लिखा, बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूपी की चार बार रही मुख्यमंत्री एवं लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार रही सांसद आदरणीया बहन कु. मायावती जी को मैं अपना दिल से एकमात्र राजनीतिक गुरू व आदर्श मानता हूं।



## पेज एक का शेष...

### सहकारी समितियां टिकट...

जल वितरण और सीएससी का कार्य भी करेंगे। 300 से ज्यादा योजनाएं पैक्स के माध्यम से संचालित हो रही हैं। यहां से रेलवे टिकट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र तक मिल जाता है। पैक्स अब पेट्रोल पंप संचालन, दवाई की दुकान भी चलाएगा। मप्र ने पैक्स के कंप्यूटराइजेशन में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि पैक्स संचालन में पादर्शिता बरती जा रही है। किसानों की भाषा के अनुरूप पैक्स में विशेष सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। किसानों के लिए तीन समितियां बनाई गई हैं।

आर्गेनिक प्रोडक्ट्स के लिए अलग से प्लेटफॉर्म बनाया है।केंद्रीय मंत्री शाह अपने एक दिनी दौरे के तहत रविवार को भोपाल पहुंचें। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय सहकार सम्मेलन को संबोधित किया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के मौके पर रखा गया था। केंद्रीय मंत्री शाह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) एवं मप्र डेयरी फेडरेशन (एमपीसीडीएफ) तथा दुग्ध संघों के मध्य अनुबंध (एमओयू) में शामिल हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग समेत कई मंत्री, विधायक व बड़ी संख्या में सहकारिता से जुड़े लोग मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री शाह इस कार्यक्रम के तत्काल बाद भोपाल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। शाह दिल्ली में सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाट्य कार्यक्रम में भी शामिल हुए। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने कहा कि राज्य सरकार ने सहकारिता के साथ निजी व शासकीय भागीदारी को जोड़ते हुए सीपीपीपी के माध्यम से पहली बार देश में नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। पशुपालन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने अनुबंध की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्री शाह ने अनुबंध के माध्यम से मप्र को नई सौगात दी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के निदेशक डॉ. निमेश शाह ने कहा कि एनडीडीबी, मप्र सरकार और 6 दुग्ध संघ के बीच सहकार्य अनुबंध (एमओयू) हुआ। राज्य सरकार ने संगठित बोर्ड के माध्यम से दूध उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए अनुबंध की सहमति प्रदान की है। इस अनुबंध से किसानों को प्रशिक्षण देना, दूध उत्पादों की मार्केटिंग सहित अनेक कार्य किए जाएंगे।

### तहव्वुर राणा को...

दावा किया था कि वह पाकिस्तान मूल का है। इस वजह से उसे वहां प्रताड़ित किया जा सकता है। मगर सुप्रीम कोर्ट ने उसकी अपील को खारिज कर दिया।

**राणा की बहानेबाजी नहीं चल पाई:** मुकदमे के इंतजार में राणा स्वास्थ्य कारणों से भारत में ही मर सकता है। कैंसर का भी जताया शक, लेकिन बात नहीं बन पाई। वकील ने तर्क दिया कि भारत भेजने पर राणा को यातना झेलनी पड़ेगी, क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का मुसलमान है। अपने पत्र में आगे लिखा कि लॉस एंजिल्स की जेल में पांच साल की कैद के बाद राणा की सेहत और खराब हो चुकी है। राणा को पार्किंसंस रोग है। उसकी सोचने-समझने की क्षमता भी कम हुई है। इसके अलावा वह बार-बार पेशाब आने और याददाश्त की समस्या से जूझ रहा है। वकील ने कहा कि राणा के मूत्राशय में एक गांठ है। संदेह है कि ये कैंसर हो सकता है।

**पत्र में किया था बीमारियों का जिक्र:** तहव्वुर राणा के वकील जॉन डी क्लाइन ने 21 जनवरी 2025 को अमेरिकी विदेश विभाग को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने प्रत्यर्पण रोकने की कोशिश की। इसके पीछे 33 से अधिक स्वास्थ्य कारणों और भारत में मिलने वाली यातनाओं का हवाला दिया। हालांकि अमेरिकी प्रशासन ने उनकी एक नहीं सुनी। क्लाइन ने कहा कि तहव्वुर राणा को भारत की जेलों में प्रताड़ित किया जा सकता है। वहां की जेलों की स्थिति अमानवीय है।

### राष्ट्रपति-पीएम ने...

शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। कई पीढ़ियां उनके अदम्य साहस और बलिदान को हमेशा याद रखेंगी। यह इतिहास का एक काला अध्याय है, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी।

### मान ने बाजवा पर...

कनेक्शन है कि वहां के आतंकी सीधे उन्हें फोन करके बता रहे हैं कि उन्होंने कितने बम भेजे हैं? यह जानकारी न तो इंटेलिजेंस के पास है और न ही केंद्र को। सरकार की तरफ से आई है, लेकिन अगर उनके पास यह जानकारी आई है, तो उनकी जिम्मेदारी थी कि वह पंजाब पुलिस को बताते कि यहां बम हैं। क्या वह बम फटने और लोगों के मरने का इंतजार कर रहे थे। यहांआतंक फैलाना चाहते हैं।

### रसूखदारों पर क्यों...

सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर व मुख्य स्थायी अधिवक्ता चंद्रशेखर रावत की ओर से बताया गया कि जिनको नोटिस दिए गए हैं, उनको पूर्व में भी नोटिस दिए जा चुके हैं।

## ऑस्ट्रेलियाई विवि का दल एसजीटीयू में पहुंचा, बढ़ाया जाएगा शैक्षणिक सहयोग

### शिक्षा एवं अनुसंधान को नए पंख लगाएगा 2+2 आर्टिकुलेशन प्रोग्राम

**गुरुग्राम।** वैश्विक शिक्षा अनुभवों को विस्तार देने और सीमा पार अनुसंधान पहलों को सार्थक एवं व्यावहारिक-व्यावसायिक रूप देने के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल एसजीटी यूनिवर्सिटी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रोफेसर कैटलिन बर्न, प्रो वाइस-चांसलर (बिजनेस) और एसोसिएट प्रोफेसर अन्ना क्वेक, डायरेक्टर इंटरनेशनल (ग्रिफिथ बिजनेस स्कूल) ने किया। यह दौरा वैश्विक शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसका उद्देश्य छात्र और फैकल्टी की अदला-बदली, अनुसंधान सहयोग और दोनों संस्थानों के बीच 2+2 आर्टिकुलेशन कार्यक्रम की स्थापना की संभावनाओं का अन्वेषण करना था। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत एसजीटी विवि के कुलपति डॉ. हेमंत वर्मा, प्रो वाइस-चांसलर डॉ. पूर्णिमा बालिगा और डॉ. जवाहर मल जांगिड़ ने किया गया। प्रस्तावित 2+2 आर्टिकुलेशन प्रोग्राम, जिसके तहत छात्र अपनी स्नातक डिग्री के पहले दो वर्ष एसजीटी यूनिवर्सिटी में और अंतिम दो वर्ष ग्रिफिथ यूनिवर्सिटी में पूरे कर सकेंगे, को सभी ने उत्साहपूर्वक सराहा।



### झारखंड में मौसम का कहर! बिजली गिरने से एक की मौत, एक घायल

**चतरा।** झारखंड में मौसम का कहर लगातार जारी है। खराब मौसम की वजह से चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड में एक गांव के व्यक्ति की वज्रपात होने से मौत हो गई। इस घटना में उनका भतीजा बुरी तरह घायल हो गया है। घायल भीतजे को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। घटना रविवार को सुबह हुई। घटना के दौरान चाचा-भतीजे महुआ चुन रहे थे। महुआ चुनने से पहले मौसम खराब था। इस दौरान बिजली गिरी और अमरेश सिंह पर के पास बिजली गिरी और उससे झुलसने के कारण एक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, बारिश के दौरान दोनों पानी से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे छिप गए। इस दौरान बिजली गिरने से एक की मौत हो गई।

चिंतन

# मनरेगा में सतत सुधार की जरूरत

संविधान निर्माता और अर्थशास्त्री डा. भीमराव आंबेडकर की आज जयंती है। डा. आंबेडकर ने अपने अर्थशास्त्रीय चिंतन में गरीबी उन्मूलन के लिए आमदनी के स्थाई स्रोत के निर्माण की अवधारणा रखी थी। इसके लिए उन्होंने स्टेट सोशलिज्म का सिद्धांत दिया था, जिसमें राज्य द्वारा हर परिवार को बिना भेदभाव स्थाई आजीविका उपलब्ध कराने की बात है। आंबेडकर को मानने वाले नेता, राजनीति और सत्ता, किसी ने भी स्थाई रोजगार सृजन की ओर ध्यान नहीं दिया। आंबेडकर को मानने वाले बौद्धिक व चिंतक वर्ग ने भी कभी देश में रोजगार सृजन के स्थाई स्रोत निर्माण को अपने विमर्श का केंद्र नहीं बनाया। राजनीतिक और बौद्धिक उदासीनता ही है कि डा. आंबेडकर के जातिमुक्त समाज के सपने को साकार करने की दिशा में अब तक किसी ने भी प्रयास नहीं किया। डा. आंबेडकर के स्टेट सोशलिज्म का लक्ष्य बिना भेदभाव सभी नागरिकों का सामाजिक-आर्थिक-राजनीतिक उत्थान कर उनको आत्मनिर्भर बनाना है। यह लक्ष्य अब भी अधूरा है। वर्ष 2005 में जब संसद से मनरेगा विधेयक पास हुआ था, तो रोजगार सृजन की एक पहल की गई थी। 2006 में 200 जिलों में और वर्ष 2008 में समूचे देश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लागू हुआ था। इस योजना में ग्रामीण क्षेत्र में इच्छुक अकुशल श्रमिकों को सौ दिन की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया गया था। संसदीय समिति ने मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये व वर्ष 100 दिन के बदले 150 दिन रोजगार देने की सिफरिश की है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार की जो आज स्थिति है, उसमें यह सिफारिश उचित है। सरकार गरीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, लेकिन सरकार की अधिकांश योजनाएं नागरिकों को सक्षम व समर्थ बनाने के बजाय फ्रीबिज की तरह हैं, जो नागरिकों को वित्तीय मदद तक सीमित रखता है, उनका सक्षम मानव बल के तौर पर निर्माण नहीं होता है। मौजूदा व्यवस्था में भी अगर सभी सरकारी वेल्फेयर योजनाओं को मिलाकर केवल रोजगार सृजन योजना ही चलाई जाए तो भी कुछेक साल में गरीबी उन्मूलन हो जाएगा, जो डा. आंबेडकर का सपना साकार करने वाला कदम होगा। इसलिए मनरेगा समेत अन्य रोजगारपरक योजनाओं को मजबूत करने की जरूरत है, तभी देश विकसित भारत का लक्ष्य हासिल कर सकेगा। राष्ट्र के सभी नागरिकों को आर्थिक सृजन में शामिल करना जरूरी है। मनरेगा इसमें सहायक है, लेकिन मनरेगा से जुड़ी योजना की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र सर्वेक्षण किया जाना चाहिए व उभरती चुनौतियों के मद्देनजर योजना को नया रूप दिया जाना चाहिए। वर्ष 2021-22 में लगभग 50.31 लाख जॉब कार्ड मामूली वर्तनी संबंधी त्रुटियों या आधार विवरण से विसंगति के कारण समाप्त कर दिए गए थे। ऐसा नहीं होना चाहिए। जॉब कार्ड निर्माण होते रहना चाहिए। मनरेगा में सतत सुधार व सोशल ऑडिट होते रहना चाहिए, बजट की कमियों को दूर किया जाना चाहिए, जवाबदेही निश्चित की जानी चाहिए, जाति आधारित भेदभाव दूर होना चाहिए, संपत्ति निर्माण पर जोर देना चाहिए व इसे कदाचार से भी मुक्त करना चाहिए। मनरेगा के तहत अमृत सरोवर, जलदूत ऐप व लोकपाल ऐप अच्छी पहल हैं, इसे और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। मनरेगा को कौशल विकास कार्यक्रम से जोड़ा जाना चाहिए। मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के लिए भी रोजगार गारंटी कार्यक्रम लाया जाना चाहिए।

# डॉ. आंबेडकर की स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि मिल रही



आंबेडकर जयंती
पंकज झा

वास्तव में जिस संविधान के रक्षा की बात कांग्रेस और उसके मित्र समूह करते हैं, जनजातीय अधिकार की रक्षा के बिना उस रक्षा की बात सोची भी नहीं जा सकती थी। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि नया वक्फ कानून बना कर जनजाति समाज के अधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित कर भाजपा नीत मोदी जी की सरकार ने वास्तव में बाबा साहेब की भावना को ही स्वर दिया है और संविधान को मजबूत किया है। तुष्टीकरण की राजनीति के कारण 1993 में अनावश्यक संशोधन कर जनजाति और वंचितों के अधिकार पर कुठाराघात, वास्तव में संविधान की हत्या का ही कुप्रयास उसी तरह था। यह कुछ-कुछ वैसा ही था जैसे 1975 में आपातकाल लगा कर कुचेष्टा की गयी थी।

पिछले शनिवार की देर रात तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने कुछ कार्यकर्ताओं और अधिकारियों के साथ टीवी पर नजर गड़ाए बैठे थे। दिनभर के स्वाभाविक व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उन्हें यह होते हुए देखने की इच्छा थी जब सदन बहुमत से वक्फ संशोधन विधेयक को पारित करे। लगभग दो बजे तक जब तक कि मतदान हो नहीं गया, निर्णय देश के पक्ष में जब तक आया नहीं, तब तक श्री साय डटे रहे थे। कार्यकर्ताओं के साथ लगातार चर्चा यह चल रही थी कि वक्फ के जिन प्रावधानों की सबसे कम चर्चा हो रही है, लेकिन जो छत्तीसगढ़ समेत तमाम जनजातीय क्षेत्र के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है, वह है इस बिल में जनजाति क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भूमि को वक्फ के नाम से हड़प लेने वालों से सुरक्षा। बिल पारित हुआ और देर रात एक पर एक लगातार किए चार पोस्ट में पहला पोस्ट ही मुख्यमंत्री ने इसी विषय पर करते हुए लिखा- 'वक्फ बिल के दोनों सदनों से पारित होने पर बधाई। यह बिल जनजातीय अधिकारों और उनके हितों की रक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। बिल में यह प्रावधान किया गया है कि 5वीं और 6वीं अनुसूची के क्षेत्रों में किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकेगा।इससे आदिवासी भूमि पर अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और जनजातीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा। आभार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी।'

वास्तव में जिस संविधान के रक्षा की बात कांग्रेस और उसके मित्र समूह करते हैं, जनजातीय अधिकार की रक्षा के बिना उस रक्षा की बात सोची भी नहीं जा सकती थी। इस संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि नया वक्फ कानून बना कर जनजाति समाज के अधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित कर भाजपा नीत मोदी जी की सरकार ने वास्तव में बाबा साहेब की भावना को ही स्वर दिया है और संविधान को मजबूत किया है। तुष्टीकरण की राजनीति के कारण 1993 में अनावश्यक संशोधन कर जनजाति और वंचितों के अधिकार पर कुठाराघात, वास्तव में संविधान की हत्या का ही कुप्रयास उसी तरह था। यह कुछ-कुछ वैसा ही था जैसे 1975 में आपातकाल लगा कर कुचेष्टा की गयी थी। यहां यह स्पष्ट तौर पर कहना चाहिए कि आज हम जिस आज़ादी की हवा में सांस ले रहे हैं, बाबा साहेब के संविधान के तहत एकता और अखंडता का सुख भोग रहे हैं, वह बाबा साहेब का संविधान और हमारी स्वतंत्रता दोनों को आपातकाल के दौरान समाप्त कर दिया गया था। यह कहा जा सकता है कि महात्मा गांधी के युग में जिस आज़ादी को स्वतंत्रता सेनानियों ने प्रातः स्मरणीय बलिदान देकर प्राप्त किया था, जिसे गणतंत्र बनाने में बाबा साहेब प्रभृत्ति मनीषी युगों तक याद किए जाएंगे, वास्तव में यह आजादी दूसरी बार कांग्रेस से लड़ हासिल की गयी आजादी है। यह गैर कांग्रेसी विचारधारा के और राष्ट्रवादी विचारधारा के बलिदानियों, जेपी, अटल-आडवाणी-नानाजी समेत लाखों सेनानियों के त्याग और बलिदान से पायी आजादी है।

ऐसे सेनानियों के योगदान को समादृत करने छत्तीसगढ़ की डा. रमन सिंह जी की सरकार ने आपातकाल सेनानियों के लिए सम्मान निधि देने का निर्णय लिया था। उन्हें तबसे मिल रही पेंशन को पिछली कांग्रेस सरकार ने दुर्भावनावश समाप्त करके अपनी यही भावना प्रकट की थी कि कांग्रेस आज भी आपातकाल वाली मानसिकता में ही जी रही है और संविधान या बाबा साहेब की चर्चा विवशतावश ही उसे करना पड़ रहा है। प्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनते



ही न केवल आपातकाल के विरुद्ध युद्धरत रहे प्रदेश के सेनानियों की सम्मान निधि बहाल की गयी, उनका बकाया सारा भुगतान किया गया बल्कि विष्णुदेव साय जी की सरकार ने बकायदा कानून बना कर यह सुनिश्चित किया है कि अब भविष्य में कभी भी यह सम्मान निधि बंद नहीं की जा सकेगी चाहे परिस्थितियां कैसी भी हो। यह भी संविधान निर्माता बाबा साहेब के प्रति एक श्रद्धांजलि ही समझा जाना चाहिए।

हममें से अधिकांश लोग शायद इस तथ्य को नहीं जानते होंगे कि मध्यप्रदेश-बिहार के आदिवासी अंचल के विकास के लिए सबसे पहले बाबा साहेब ने ही दोनों राज्य के विभाजन की बात कही थी। वे चाहते थे कि इन दोनों राज्यों का विभाजन कर छोटे राज्य बनाए जाए। जब भारत रत्न अटलजी ने आदिवासी बहुलता के कारण छत्तीसगढ़-झारखंड राज्य का गठन किया तो वह इस दृष्टि से बाबा साहेब की भावना का समादर और संविधान की दृढ़ता के लिए उठाया गया कदम ही समझा जाना चाहिए। आज जरूरतमंदों और वंचित समाजों के आरक्षण समेत अन्य प्रावधानों से जनजाति और पिछड़ों को आगे लाना का काम जो हो रहा है, निश्चय ही उसके द्रष्टा बाबा साहेब ही हैं। यह उन्हीं के कारण संभव हुआ जिसे आज देश-प्रदेश की सरकारें आगे बढ़ा रही हैं।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि अखंड भारत का स्वप्न भी बाबा साहेब का था। उन्होंने भारत विभाजन का भी विरोध किया था। बकौल भीमराव- 'जब तक सामाजिक समरसता का भाव पूर्णतः राष्ट्र में उत्पन्न नहीं होगा तब तक राष्ट्रवाद की स्थापना नहीं हो पाएगी।' आज अपने अनेक ऐतिहासिक फ़ैसलों से समरस समाज बनाने की जो सफल कोशिश पीएम नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हो रही है, निस्संदेह उससे राष्ट्रवाद मज़बूत होगा, ऐसा हो भी रहा है। बाबा साहब ने कहा था- 'मुझमें और सावरकर में इस प्रश्न पर न केवल सहमति है, बल्कि सहयोग भी है कि हिंदू समाज को एकजुट और संगठित किया जाये, और हिंदुओं को अन्य मजहबों के आक्रमणों से आत्मरक्षा के लिए तैयार किया जाए।'

बाबा साहेब न केवल अखंड राष्ट्र के पक्षधार थे बल्कि वे अनुच्छेद 370 को भी राष्ट्रीय एकता में बाधक मानते थे। समान नागरिक संहिता समेत उनके तमाम विचारों पर भाजपा आज शब्दशः अमल करने की कोशिश कर रही है। यहां तक कि उनका मतांतरण भी आज की तरह राष्ट्रांतरण जैसा नहीं था, ऐसा उन्होंने स्वयं भी कहा है। उन्होंने कहा था 'बौद्धमत भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। मैंने सावधानी बरती है कि मेरे पंथ-परिवर्तन से इस देश की संस्कृति और इतिहास को कोई हानि न पहुंचे।'

पीएममोदी ने हमेशा बाबा साहेब की स्मृतियों के प्रति अतिरिक्त और अगाध आदर दिखाया है। बात चाहे भीमराव आंबेडकर के दिल्ली स्थित घर अलीपुर रोड में राष्ट्रीय स्मारक स्थापित कराने की हो या उनसे जुड़े पांच प्रमुख स्थानों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित करने की, आज बाबा साहेब अनेक जबरन बनायी गयी छवियों, पैदा किए गए बनावटी नेताओं, गढ़े गए झूठे नैरेटिव्स के विरुद्ध नए सिरे से प्रासंगिक हैं।

आज भारत रत्न आंबेडकर की स्मृति को वैसा समादृत करने की सतत कोशिश हो रही है जैसा होना वे डिजर्व करते थे, जैसा उन्हें नहीं होने दिया गया था। उनके जीवित रहते उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर करने, चुनाव हराने से लेकर, उनके परिनिर्वाण के बाद उनकी स्मृति को कमतर दिखाने की सारी कोशिशें कर हर हाल में केवल परिवार विशेष का महिमामंडन करते रहने वाले समूह अगर आज विवशता में बाबा साहेब का जिक्र कर भी रहे हैं, तो उनकी विवशता समझी जा सकती है। संविधान में दर्जनों अनाप-शनाप संशोधन करने वाले, दर्जनों बार चुनी हुई सरकारों को अकारण बर्खास्त कर संविधान को समाप्त करने वाले, आपातकाल लगा कर संविधान की हत्या करने वाले समूह भी अगर आज संविधान को सीने से लगाए फिरने का पाखंड कर रहे हैं तोयह भी समझा जा सकता है कि बाबा साहेब के विचार आज भी कितने प्रासंगिक हैं।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं।)*

विमर्श
डॉ. घनश्याम बादल




# आंबेडकर के सपनों को साकार करे राष्ट्र

आंबेडकर का राजनीतिक दर्शन भारतीय राजनीति और समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला रहा है। उनका दर्शन सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों पर आधारित था। आंबेडकर का मानना था कि जब तक समाज में छुआछूत, जातिवाद और असमानता बनी रहेगी, तब तक लोकतंत्र केवल एक दिखावा होगा। उन्होंने सामाजिक समानता को राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज़्यादा महत्वपूर्ण माना। भारतीय संविधान के शिल्पकार ने संविधान में नागरिकों को समान अधिकार, स्वतंत्रता, शिक्षा, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान करवाई। उनका विश्वास था कि संविधान के जरिए सामाजिक परिवर्तन लाया जा सकता है। आंबेडकर ने लोकतंत्र को केवल राजनीतिक प्रणाली ही नहीं, बल्कि सामाजिक जीवन का तरीका माना। आंबेडकर राज्य को समाज में सकारात्मक हस्तक्षेप करने वाला मानते थे। उनका मानना था कि राज्य को शोषित वर्गों के उत्थान के लिए आरक्षण, शिक्षा और सामाजिक सुधार जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। आंबेडकर के लिए धर्म व्यक्तिगत आस्था रही लेकिन सामाजिक न्याय के विरोध में खड़े धर्म का वे विरोध करते थे। उन्होंने अंततः बौद्ध धर्म को अपनाया, जो उनके राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से मेल खाता था। उनका अंतिम लक्ष्य ऐसा भारत था जहां जाति के आधार पर कोई भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। आज भी आंबेडकर का नाम दलित वोटों को किसी चुंबक की तरह खींचता है। आंबेडकर के बाद कितने ही दलित नेता आए लेकिन आंबेडकर जैसा तिलिस्म कोई नहीं खड़ा कर पाया, न जगजीवन राम और न कांशीराम या रामविलास पासवान और न ही मायावती स्वयं को आंबेडकर में बदल पाए। आंबेडकर जयंती मनाने व उनकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित कर देने से दलित वर्ग भले ही खुश हो, मगर आंबेडकर के साथ जीते जी जो व्यवहार हुआ और मृत्यु के पश्चात भी उन पर जिस तरह उंगलियां उठाई गई, उससे आंबेडकर के प्रति राजनीतिक दलों एवं सरकारों के रवैये एवं उनकी कथनी-करनी के अंतर का साफ पता चलता है। गरीब दलित परिवार में पैदा हो, फर्श से अर्श का सफर तय करने वाले आंबेडकर भारतीय संविधान के जनक तो हैं ही आज भी सोशल इंजीनियरिंग की धुरी हैं। भीमराव आंबेडकर के चिंतन पर भी बहस की पर्याप्त गुंजाइश है। आंबेडकर की उंगली उठाए हुए लगाई गई प्रतिमाएं जहां समाज एवं सरकारों की मंशा पर उंगली उठा रही लगती हैं, वहीं स्वयं उन पर भी आजीवन उंगलियां उठती रही। तब भी जब आंबेडकर का चुनाव संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में किया जा रहा था और तब भी जब उनके बनाए कानूनों को दुनिया अचरज भरी नज़र से देख रही थी और तब भी जब उन्हें देश में आरक्षण के नाम पर चल रहे दंगों के लिए सबसे बड़ा गुनहगार बताया जा रहा था और जब उन्हें देश के दलित वर्ग का 'मसीहा' कहा जा रहा था और तब भी जब उन्हें 'पैर की जूती' कह लांछित किए जाने वाले दलित वर्ग को सिर माथे पर बिठाने का दोषी माना जा रहा था। इतना ही नहीं, जब उन्होंने हिंदू धर्म को त्याग कर बौद्ध धर्म स्वीकार किया तब भी उनके इस निर्णय पर बहुत पैनी एवं कठोर मुद्रा वाली उंगलियां उठीं थी। दलितों के मसीहा भीमराव, आज़ाद हिंदुस्तान के गरीब,वंचित व दलित समाज के श्रद्धापात्र 'भीम' भारत के साथ ऐसे जुड़े हैं कि भीम और भारत को अलग करना संभव ही नहीं लगता है। आज डा. आंबेडकर के नाम से वोटों की फसल काटने वाले तो बहुत हैं पर उनके दिखाए रास्ते पर कम ही चलते हैं। इसी वजह से आंबेडकर का दलित-पिछड़ों के समन्वय का सपना आज भी अधूरा है। दलित अभी भी त्रस्त हैं और जब तक उन्हें गरीबी की रेखा से ऊपर नहीं लाया जाता, उनके लिए समाज के दूसरे वर्गों में सम्मान व बराबरी का भाव नहीं आ जाता, तब तक आंबेडकर का 'मिशन बराबरी' का स्वप्न पूरा नहीं होगा। अंतिम समय में उन्होंने जातिगत आरक्षण का विरोध भी किया था। वे मानते थे एक बार आरक्षण की बैसाखी पर चलने की आदत होने पर दलित व पिछड़ा समाज हमेशा के लिए उसका आदी हो जाएगा और उसकी उन्नति की जमीन चालाक वर्ग हथिया लेगा और आज ऐसा ही हो रहा है। इसीलिए उन्होंने आरक्षण की अवधि केवल 15 वर्ष रखी थी लेकिन यह अगले 15 वर्षों में भी पूरे होते नहीं दिखते, खैर इन्हीं सीमाओं आलोचनाओं एवं सराहनाओं के बीच आंबेडकर के प्रति उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## यह मन का कमाल है



संकलित
दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है।

## कर्ण की युद्ध में धर्म-नीति पर निष्ठा



संकलित
प्रेरणा

कर्ण कौरवों की सेना में होते हुए भी महान धर्मनिष्ठ योद्धा थे। भगवान श्रीकृष्ण तक उनकी प्रशंसा करते थे। महाभारत युद्ध में कर्ण ने अर्जुन को मार गिराने की प्रतिज्ञा की थी। उसे सफल बनाने के लिए खंडव वन के महासर्प अश्वसेन ने इसे उपयुक्त अवसर समझा। अर्जुन से वह शत्रुता तो रखता था, पर काटने का अवसर नहीं मिलता था। वह बाण बनकर कर्ण के तरकस में जा घुसा। अश्वसेन वाला बाण भी चला, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने वस्तुस्थिति को समझा और रथ-घोड़े जमीन पर बिठा दिए। बाण मुकुट काटता हुआ ऊपर से निकल गया। असफलता पर अश्वसेन प्रकट हुआ और कर्ण से बोलाः अबकी बार अधिक सावधानी से बाण चलाना। इस पर कर्ण को भारी आश्चर्य हुआ। उसने उस कालसर्प से पूछाः आप कौन हैं? सर्प ने कहाः अर्जुन ने एक बार खण्डव वन में आग लगाकर मेरे परिवार को मार दिया था। इसलिए उसीका प्रतिशोध लेने के लिए मैं व्याकुल रहता हूँ। उस तक पहुँचने का अवसर न मिलने पर आपके तरकस में बाण के रूप में आया हूँ। कर्ण ने उसकी सहायता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए वापस लौट जाने के लिए कहाः भद्र, मुझे अपने ही पुरुषार्थ से नीति युद्ध लड़ने दीजिए। आपकी अनीतियुक्त सहायता लेकर जीतने से तो हारना अच्छा है। कालसर्प कर्ण की नीति-निष्ठा को सराहता हुआ वापस लौट गया। उसने कहाः कर्ण तुम्हारी यह धर्मनिष्ठा ही सत्य है, जिसमे अनीतियुक्त पूर्वाग्रह को छद्म की कहीं स्थान नहीं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। लगभग यही हाल प्राइवेट अस्पतालों का भी है। *- मदन सैनी, बालोद*

## ट्रेंड

### बलिदानियों को नमन



जलियांवाला बाग नरसंहार भारत के स्वतंत्रता संग्राम का वह काला अध्याय है, जिसने समूचे देश को झकझोर कर रख दिया। जलियांवाला बाग में शहीद हुए बलिदानियों को नमन करता हूँ। देश अमर बलिदानियों को सदा अपनी स्मृतियों में संजोए रखेगा।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हिंदुओं का पलायन



मुर्शिदाबाद में जो कुछ हो रहा है, वह पश्चिम बंगाल सरकार की तुष्टीकरण की खतरनाक राजनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है, जिसके कारण हिंदुओं को पलायन करना पड़ रहा है। ऐसी ही स्थिति कर्नाटक में भी पैदा हो सकती है।
-पी.सी. मोहन, भाजपा सांसद

### प्रार्थना के लिए शुक्रिया



सिंगापुर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद मेरे बेटे शंकर की हालत स्थिर है और उसकी स्थिति में सुधार हो रहा है। संकट की इस घड़ी में प्रार्थना और समर्थन के लिये सभी लोगों का तहे दिल से शुक्रिया।
- पवन कल्याण, डिप्टी सीएम, आंध्र प्रदेश

### मंच का राजनीतिकरण



मैं खिलाड़ियों के साथ थी, हूँ और रहूँगी इसी तरह मैं पार्टी के साथ भी हूँ और आगे भी रहूंगी लेकिन जब किसी भी खिलाड़ियों के मंच का राजनीतिकरण होगा तो मैं वहाँ पर नहीं रहूँगी।
-बबीता फोगाट, भारतीय पहलवान

## करंट अफेयर

### मृत्युदंड देना इस्लाम का हिस्सा : तालिबान नेता



अफगानिस्तान में हत्या के एक मामले में दोषी ठहराए गये चार लोगों को गोली मारकर मौत की सजा देने के कुछ दिनों बाद तालिबान के एक नेता ने कहा कि मृत्युदंड इस्लाम का हिस्सा है। चारों दोषियों को शुक्रवार को एक खेल स्टेडियम में गोली मारी गयी और यह 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से एक दिन में सबसे ज्यादा लोगों को दी गई मौत की सजा है। अधिकार समूहों और संयुक्त राष्ट्र ने इस घटना की निंदा की है। तालिबान नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने पूर्व में अफगानिस्तान में पश्चिमी कानूनों की जरूरत को खारिज कर दिया था। तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने रविवार को 'एक्स' पर एक ऑडियो क्लिप जारी किया जिसमें अखुंदजादा ने कहा, हमें अनुशासनात्मक उपाय, प्रार्थनाएं और इबादत के काम करने चाहिए। हमें पूरी तरह से इस्लाम अपनाना चाहिए। इस्लाम सिर्फ कुछ रस्मों तक सीमित नहीं है, यह सभी अल्लाह के आदेशों की एक व्यापक व्यवस्था है। दक्षिणी कंधार प्रांत में हज प्रशिक्षकों की संगोष्ठी में 45 मिनट के भाषण के दौरान अखुंदजादा ने कहा कि इस्लाम का एक भी आदेश अधूरा नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

## ऑफ बीट

### प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर छिड़ी बहस



प्रयोगशाला में तैयार मांस को लेकर गरमागरम बहस होती है। समर्थक जलवायु और पशु कल्याण के लिहाज से इसे लाभदायक मानते हैं। वहीं, विरोधियों को फ्रेंकस्टीन भोजन (जीन संशोधित तकनीक से तैयार भोजन) की चिंता है जिसे वे जोखिम भरा और अप्राकृतिक मानते हैं। आपकी राय चाहे जो भी हो, मांसपेशियों के ऊतकों के बड़े टुकड़े बनाने की यह प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है। तथ्य यह है कि कृत्रिम मांस एक जीवित ऊतक के रूप में शुरू होता है, इसका मतलब यह है कि जैसे-जैसे यह बड़ा और बेहतर होता जाएगा, इसमें शामिल प्रौद्योगिकियों का चिकित्सा अनुसंधान पर बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। प्रयोगशाला में तैयार मांस एक तरह का 'इंजीनियर्ड' ऊतक है। इसका उद्देश्य मांसपेशियों को बनाने के लिए जानवरों से उसकी कोशिकाओं की एक छोटी संख्या को अलग करना और उस कोशिका को जानवर के शरीर में विकसित होने की नकल करना है। मांस ज्यादातर मांसपेशियों की कोशिकाओं (मायोसाइट्स) से बना होता है, साथ ही वसा कोशिकाओं (एडिपोसाइट्स) और कोशिकाओं का मिश्रण होता है जो कोलेजन (फाइब्रोब्लास्ट के रूप में जाना जाता है) जैसी सामग्रियों के माध्यम से संरचना जोड़ते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण 32 से बढ़ाकर होगा 51 फीसदी

» यहां कुल आरक्षण 85 प्रतिशत हो जाएगा » पिछड़े समुदायों की जनसंख्या 70% होने का दावा » रिपोर्ट पर जल्द निर्णय लेने की तैयारी में

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

कर्नाटक मंत्रिमंडल के सामने जाति गणना रिपोर्ट पेश की गई है। इसमें पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण को मौजूदा 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने की सिफारिश की गई है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक सर्वेक्षण (संक्षेप में जाति जनगणना) इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि पिछड़ी जातियों की जनसंख्या 70 प्रतिशत है। रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि राज्य के शैक्षणिक संस्थानों में पिछड़े समुदायों को 51 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना चाहिए। इस रिपोर्ट में तमिलनाडु और झारखंड का उदाहरण दिया गया है। तमिलनाडु में पिछड़े वर्ग की आबादी के अनुसार 69 प्रतिशत आरक्षण है।

**कर्नाटक मंत्रिमंडल के सामने जाति गणना रिपोर्ट पेश**

### 2015 में शुरू हुई थी जाति गणना

यह जाति जनगणना 2015 में एच. कांथराज के नेतृत्व में शुरू हुई थी। बाद में, के. जयप्रकाश हेगड़े के नेतृत्व में कर्नाटक राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने इसे पूरा किया।

### ओबीसी आबादी लगभग 4.16 करोड़



सर्वेक्षण के अनुसार, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की कुल आबादी लगभग 4.16 करोड़ है। यह आबादी लगभग 5.98 करोड़ की सर्वेक्षित आबादी में से है। रिपोर्ट में अनुसूचित जाति की आबादी 1.09 करोड़ से अधिक बताई गई है। वहीं, अनुसूचित जनजाति की आबादी 42 लाख से अधिक है।

### कर्नाटक में जातिगणना रिपोर्ट का असर

कुल आरक्षण 85 प्रतिशत हो जाएगा। ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 फीसदी है। रिपोर्ट की सिफारिशें लागू की गईं तो यह आरक्षण 24 फीसदी हो जाएगा।

### फरवरी 2024 में सिद्धारमैया सरकार को दी गई थी रिपोर्ट

अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को फरवरी 2024 में सौंपी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछड़ी जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलना चाहिए। इससे सामाजिक समानता लाने में मदद मिलेगी। सरकार अब इस रिपोर्ट पर विचार कर रही है।

### 17 को कैबिनेट की बैठक

सिद्धारमैया सरकार ने जाति गणना रिपोर्ट पर 17 अप्रैल को कैबिनेट बैठक बुलाई है। इस कैबिनेट बैठक में इस रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। सरकार मंथन करेगी और उसके बाद इन सिफारिशों को लागू किया जा सकता है।

---

बंगाल में वक्फ कानून के विरोध में बवाल

## मुर्शिदाबाद में फिर हिंसा, फायरिंग अफस्पा-राष्ट्रपति शासन की मांग

एजेंसी ⏭ मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के विरोध में एक बार फिर हिंसा भड़क गई। हिंसा के दौरान गोलीबारी में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएसएफ के जवानों पर हमला करने का आरोप लगा है। आरोप लगाया गया कि बीएसएफ की तरफ से 2 से 3 राउंड की गोली चलाई गई है। गोलीबारी में धुलियान इलाके में शमशेर नदाव नाम के युवक को गोली लग गई। उसे इलाज के लिए जंगीपुर उपजिला अस्पताल से मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। उसे पीठ में गोली मारी गई है।

**'ये है तृणमूल कांग्रेस'**

### पूनावाला बोले, सांसद पठान कत्लेआम का आनंद ले रहे



टीएमसी सांसद यूसुफ पठान की पोस्ट पर विवाद खड़ा हो गया है। पठान ने चाय पीते और आराम करते हुए तस्वीरें शेयर की थीं। भाजपा के शहजाद पूनावाला ने कहा, बंगाल जल रहा व सांसद कत्लेआम का मजा ले रहे हैं।

### तुष्टिकरण के कारण हिंदुओं को अपमानित और प्रताड़ित किया जा रहा

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा कि सीएम ममता बेनर्जी की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण हिंदुओं को अपमानित, प्रताड़ित कर रही हैं।

नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु का गंभीर आरोप

### करीब 500 हिंदुओं को करना पड़ा पलायन

विपक्ष के नेता और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बताया है कि अभी भी बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग धूलियन, मुर्शिदाबाद से 500 हिंदू, धर्मांध तत्वों के डर से मजबूर होकर नदी पार कर मालदा के बैष्णबनगर के देओनापुर-सोवापुर ग्राम पंचायत स्थित पर लालपुर हाई स्कूल में शरण लेने को विवश हुए।

---

43 एआईसीसी, 182 पीसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति, पहली बैठक 15 को

## यदि गुजरात मॉडल 'संगठन सृजन अभियान' चला तो देश में होगा लागू

शिशिर सोनी ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने देशभर में सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने की शुरूआत गुजरात से की है। गुजरात में पार्टी खोए जनाधार और संगठन से गायब होते कार्यकर्ताओं को नए सिरे से गुनने बुनने के लिए 'संगठन सृजन अभियान' के तहत 43 एआईसीसी और 182 पीसीसी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर समूचे सांगठनिक मशीनरी की 'ऑयलिंग' का काम शुरू किया है। गुजरात मॉडल के आधार पर कांग्रेस देशभर में जमीनी कार्यकर्ताओं को ताकत देने के लिए जुटेगी। इस काम में राष्ट्रीय स्तर के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। एआईसीसी पर्यवेक्षकों में छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री शिव डहरिया और एआईसीसी महासचिव और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार रहे राजेश तिवारी को उन्हीं बीके हरिप्रसाद के साथ शामिल किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और टीम राहुल गांधी 2027 के गुजरात विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी अभी से रणनीति तैयार कर रहे हैं, जिसमें मतदाताओं से सीधा संपर्क और स्थानीय मुद्दों पर फोकस शामिल है। एआईसीसी की बैठक के तुरंत बाद त्वरित गति से निर्णय हो रहे हैं। नियुक्तियां हो रही हैं। गुजरात में कांग्रेस का वोट शेयर पिछले कुछ वर्षों में कम हुआ है, विशेष रूप से आपके उभरने के बाद। इस अभियान का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और जिला स्तर पर नेतृत्व को सशक्त करना है। गुजरात में इन पर्यवेक्षकों की पहली बैठक 15 अप्रैल को निर्धारित की गई है, जिसमें संगठन सृजन अभियान की रणनीति और कार्ययोजना पर चर्चा होगी। 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 77 सीटें जीती थीं, लेकिन 2022 में ये 17 रह गईं। नेताओं का मानना है आप ने कांग्रेस के पारंपरिक वोट में सेंध लगाई है। गुजरात में पिछले तीन दशकों से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में है, और कांग्रेस को संगठनात्मक स्तर पर भाजपा से पहले ही कड़ी चुनौती मिल रही थी, अब आम आदमी पार्टी भी मुकाबले में खडी है।

### एआईसीसी पर्यवेक्षकों की भूमिका

- प्रत्येक जिला कांग्रेस कमेटी में एक एआईसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।
- इन पर्यवेक्षकों का मुख्य कार्य जिला स्तर पर संगठन की गतिविधियों की निगरानी करना, जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में सहायता करना, और स्थानीय नेतृत्व को एआईसीसी के दिशा-निर्देशों से जोड़ना है।
- एआईसीसी पर्यवेक्षकों में अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया है। जिनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, कर्नाटक और अन्य राज्यों के वरिष्ठ नेता भी हैं।

### पीसीसी पर्यवेक्षकों की भूमिका

- प्रत्येक जिला कांग्रेस कमेटी में 4 पीसीसी पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो स्थानीय स्तर पर कार्य करेंगे।
- ये पर्यवेक्षक गुजरात के स्थानीय नेताओं में से चुने गए हैं, ताकि स्थानीय मुद्दों और कार्यकर्ताओं की जरूरतों को उनकी भाषा में बेहतर ढंग से समझा जा सके।
- इनका कार्य जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देना, और एआईसीसी पर्यवेक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करना है।

---

अब राज्यपाल रवि पर नया विवाद

## जय श्रीराम के नारे पर डीएमके और कांग्रेस ने जताई आपत्ति

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि द्वारा जय श्री राम नारे को लेकर मचाए गए नए विवाद ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाए उत्पन्न की हैं। मदुरै के थियागराजर इंजीनियरिंग कॉलेज में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम, कंबन शैक्षिक संस्थानों में शनिवार को राज्यपाल ने छात्रों को जय श्री राम का नारा लगाने के लिए प्रेरित किया। इस घटना की सत्तारूढ़ डीएमके, कांग्रेस, और अन्य विपक्षी दलों की ओर से कड़ी आलोचना की। जिससे चुनाव वाले राज्य तमिलनाडु में नए राजनीतिक विवाद पर बहस शुरू हो गई है। विपक्ष ने राज्यपाल के बर्ताव को संवैधानिक पद की गरिमा का उल्लंघन बताया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में रवि को राज्य सरकार के कैबिनेट द्वारा अनुशंसित 10 विधेयकों को कई महीने तक रोकने पर कड़ी फटकार लगाई थी। उस विषय पर राज्यपाल को लेकर विवाद पहले से ही चला आ रहा था। अब नए विवाद ने तमिलनाडु की सियासत में मद्धिम आंच पर नए सियासी समीकरण की खिचड़ी चढ़ा दी है।

रवि कॉलेज में एक साहित्यिक प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस आयोजन का थीम था कंबन शैक्षिक संस्थानों में, जो तमिल कवि कंबर द्वारा रचित कंब रामायणम पर आधारित था। जय श्री राम का नारा अपने भाषण के अंत में देते हुए राज्यपाल ने छात्रों से कहा, मैं कहूंगा हमारे साथ आप भी जय श्री राम का उद्घोष करें। छात्रों ने भी नारा लगाया। सत्ताधीश डीएमके ने संवैधानिक पद की तटस्थता पर सवाल उठाते हुए कहा, राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति से धर्मनिरपेक्षता और तटस्थता अपेक्षित है। डीएमके और कांग्रेस ने राज्यपाल पर आरोप लगाया कि वे एक विशेष धार्मिक नारे को बढ़ावा देकर संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर रहे हैं और संघ, भाजपा की विचारधारा को प्रचारित कर रहे हैं। ये व्यवहार उचित नहीं।




# अप्रैल में बारिश और कीमतों में वृद्धि से एसी की बिक्री पर पड़ेगा असर

## खबर संक्षेप

### कम आवक से मूंगफली सरसों तेल के भाव सुधरे



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह ऊंचे दाम पर लिवाली प्रभावित रहने से कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। वहीं मंडियों में किसानों की ओर से आवक कम लाने के कारण सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के भाव सुधार के साथ बंद हुए।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर रही पूंजीकरण में सबसे आगे




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 84,559.01 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में हिंदुस्तान यूनिलीवर रही। पिछले सप्ताह बीएसई के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स में 207.43 अंक या 0.27 प्रतिशत की गिरावट आई। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.9 अंक या 0.33 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### जीएसटीआर-3बी फॉर्म में अप्रैल से फेरबदल नहीं

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि अप्रैल, 2025 से जीएसटी करदाताओं को मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में अपंजीकृत व्यक्तियों और छोटे करदाताओं (कंपोजिशन योजना के अंतर्गत आने वाले करदाता) को की गई अंतर-राज्यीय आपूर्तियां दिखाने वाली तालिका में बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लिए तकनीकी रीढ़ की भूमिका निभाने वाले जीएसटीएन ने एक परामर्श में कहा कि अप्रैल, 2025 की कर अवधि से जीएसटीआर-3बी की तालिका 3.2 में अपने-आप दर्ज अंतर-राज्यीय आपूर्तियां संपादित नहीं की जा सकेंगी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

---

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण भारत में रुक-रुक कर हो रही बारिश तथा उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों के कुछ भागों में मध्यम वर्षा के साथ हाल ही में आए तूफान ने अप्रैल में घर में इस्तेमाल होने वाले रूम एयर कंडीशनर (एसी) की बिक्री की गति धीमी कर दी है।

- दक्षिण, उत्तर व पूर्वी क्षेत्रों में बारिश ने एसी के बिक्री की गति धीमी की

हालांकि, उद्योग को इस साल अब भी इस खंड में दहाई अंक की वृद्धि की उम्मीद है, क्योंकि हाल के मौसम पूर्वानुमानों में तीव्र गर्मी का संकेत दिया गया है। ब्लू स्टार, सैमसंग और हायर जैसी एसी कंपनियां भी अप्रैल से कीमतों में पांच प्रतिशत तक वृद्धि करने जा रही हैं।

### एसी कंपनियां अप्रैल से पांच फीसदी की वृद्धि करने जा रही

**अभी भी चीन से कंप्रेसर का आयात**

यह मूल्यवृद्धि व्यापक आर्थिक अस्थिरता के बीच मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की कीमतों में बढ़ोत्तरी के प्रभाव को कम करने के लिए है। इसके अलावा, रूम एसी उद्योग अभी भी मुख्य रूप से चीन से कंप्रेसर, पीसीबी और पंखा मोटर जैसे महत्वपूर्ण कलपुर्जों के आयात पर निर्भर है, और अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा शुरू किए गए शुल्क गतिरोध को लेकर चिंतित है।



**अब लोग ठंडा करने की क्षमता पर दे रहे ध्यान**

हायर इंडिया के अध्यक्ष एन सतीश ने कहा, 'अब लोग टन भार के बजाय ठंडा करने की क्षमता पर ध्यान देने लगे हैं।' सतीश ने बताया कि हायर इंडिया 15 अप्रैल से रूम एसी की कीमत में चार से पांच प्रतिशत की वृद्धि करने जा रही है। उन्होंने कहा, यह कुल वृद्धि कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी और मुद्रा विनिमय में उतार-चढ़ाव के प्रभाव के कारण है।

*ब्लू स्टार कीमतें बढ़ाने वाली पहली कंपनी : 'कच्चे माल और विनिमय दर के कारण हम पहले ही कीमतों में पांच प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। हम ऐसा करने वाली पहली कंपनी हैं।' तांबा, इस्पात, एल्युमीनियम और रेफ्रिजरेंट गैस जैसे कच्चे माल की कीमतें बढ़ रही हैं। डॉलर बनाम रुपये की विनिमय दर भी अस्थिर रही है।*

### बाजार का करीब 23 फीसदी व्यापार दक्षिण क्षेत्र से

गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने कहा कि अब तक रूम एसी की बिक्री पर मौसम का मिलाजुला असर देखने को मिला है। नंदी ने कहा, अगर आप दक्षिणी बाजार को देखें तो बीच-बीच में बारिश हो रही है। हालांकि, उत्तर, पश्चिम और पूर्व में तापमान में बढ़ोतरी हुई है। बाजार का करीब 23 प्रतिशत हिस्सा दक्षिणी क्षेत्र है, जो अभी तक गर्म नहीं हुआ है।

---

## वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विशेषज्ञों ने कहा

# निवेशकों के लिए भारत में काफी अवसर वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि भारत मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से आकर्षक और काफी अवसरों वाला मजबूत बाजार है तथा निवेशकों को मौजूदा हालात से घबराने के बजाय अपनी दीर्घकालीन वित्तीय योजनाओं पर टिके रहने की जरूरत है।

इसके साथ निवेशक निवेश राशि को एक जगह लगाने के बजाय बांड, सोने, सावधि जमा समेत अन्य क्षेत्रों पर लगाने पर गौर कर सकते हैं। अमेरिका के शुल्क लगाने की घोषणा के बाद हाल में शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव के साथ म्यूचुअल फंड में विशेषकर इक्विटी से जुड़े रिटर्न पर भी असर पड़ा है। वहीं सोने के रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने से निवेशक इसमें नये निवेश से बच रहे हैं।

### बांड, सोना और शेयरों में एसआईपी अच्छे उपाय

इन परिस्थितियों में निवेशकों के पास निवेश के विकल्प के बारे में पूछे जाने पर आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के प्रमुख (निवेश उत्पाद) अमर रानू ने कहा, उथल-पुथल से भरी दुनिया में, भारत एक ऐसा बाजार है, जो स्थिर और अवसरों से भरा है। मौजूदा हालात में चुनिंदा बॉन्ड में निवेश, सुरक्षा के लिए सोने और शेयरों में एसआईपी सबसे अच्छे उपाय हो सकते हैं।

- भारत मध्यम से लंबी अवधि के लिहाज से आकर्षक बाजार
- निवेशकों को मौजूदा हालात से घबराने की जरूरत नहीं
- निवेशक अपनी दीर्घकालीन वित्तीय योजनाओं पर टिके रहे



*भारत निवेश के लिए आकर्षक स्थल बना :* यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लि. के इक्विटी प्रमुख संजय बेम्बालकर ने कहा, 'हमारा मानना है कि वैश्विक व्यापार और अर्थव्यवस्था के नजरिये से भारत आकर्षक स्थल बना हुआ है। अनिश्चितता से भरे मौजूदा माहौल में हमारा सुझाव है कि निवेशकों को धैर्य रखना चाहिए और लंबी अवधि के निवेश नजरिये को अपनाने के साथ एसआईपी/एसटीपी (सिस्टेमैटिक ट्रांसफर प्लान) को जारी रखना चाहिए।

### एक ही जगह पैसा लगाने से बचे

विनित ने कहा, 'ऐसी स्थिति में निवेशकों के लिए सबसे बेहतर विकल्प एक विविध रणनीति है जो जोखिम और लाभ को संतुलित करे। चुनिंदा कम अवधि के बॉन्ड, अच्छी कंपंनियों के शेयर और महंगाई से निपटने में मददगार सोने जैसी परिसंपत्तियों में पूंजी लगाने से इस दौर से मजबूती से निपटने में मदद मिल सकती है। एक ही जगह पैसा लगाने से बचना और अल्पकालिक रुख के हिसाब से निर्णय नहीं करना, सबसे जरूरी है।'

### वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा

वित्तीय सेवा कंपनी वेंचुरा के शोध प्रमुख विनित बोलिंजकर ने कहा, "वैश्विक स्तर पर तनाव, वृहद आर्थिक बदलाव और पूंजी प्रवाह में अस्थिरता के कारण उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितता के मौजूदा माहौल में वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ रहा है। इसका असर सिर्फ शेयर बाजार पर ही नहीं, बल्कि म्यूचुअल फंड के रिटर्न पर भी पड़ा है....।"

### नकदी प्रवाह वाली कंपनियों में पैसा लगाए

बोलिंजकर ने कहा, "जो लोग इक्विटी में निवेश करते हैं या इन स्तर पर निवेश करने विचार कर रहे हैं, उनके लिए मेरी सलाह स्पष्ट है कि बुनियादी बातों पर ध्यान दें। यह उच्च-बीटा ट्रेड या सट्टे वाले क्षेत्रों के लिए समय नहीं है। इसके बजाय, वे ऐसी कंपनियों में पैसा लगाये हैं, जहां लगातार नकदी प्रवाह है, कर्ज प्रबंधन लायक है और कीमत निर्धारण के लिहाज से स्थिति मजबूत है।"

### आपात समय के लिए नकदी रखें

बोलिंजकर ने कहा, "यदि आप म्यूचुअल फंड के माध्यम से निवेश कर रहे हैं तो अपने एसआईपी जारी रखें। वास्तव में, यह अस्थिरता रुपया-लागत औसत को बेहतर करने का एक अच्छा अवसर है। लेकिन यह भी सुनिश्चित करें कि आपकी वित्तीय बुनियाद सुरक्षित है। इसके लिए आपात समय के लिए नकदी रखें और अत्यधिक कर्ज से बचें।"

---

# बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फर्जी खातों के जरिये साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों को जब्त करने का अधिकार मांगा है। उनका कहना है कि अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद किए बिना तेजी से कदम उठाने के लिए ऐसा जरूरी है।

बैंक आंतरिक कारणों के आधार पर खातों को जब्त करते हैं। हालांकि, धन शोधन रोधक अधिनियम (पीएमएलए) के अनुसार उनके पास अदालत या कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) से मंजूरी लिए बिना ग्राहक खातों को जब्त करने का अधिकार नहीं है।

भारतीय बैंक संघ के एक कार्यसमूह ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "इसके मद्देनजर, हम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को सुझाव दे सकते हैं कि वह आगे इस पर विचार करे। धोखेबाज बैंकिंग प्रणाली के जरिये अवैध रूप से धन की हेराफेरी करने के लिए फर्जी खातों का उपयोग करते हैं। बैंक हर साल ऐसे हजारों खातों को जब्त करते हैं, लेकिन धोखेबाज प्रणाली में खामियों का फायदा उठाकर जल्दी से नए खाते बना लेते हैं। बैंकों ने स्थायी खाता संख्या या पैन की अनुपस्थिति में मतदाता पहचान पत्र और फॉर्म 60 का उपयोग करके खाते खोलने वाले व्यक्तियों को सत्यापित करने के लिए चुनाव आयोग के आंकड़ों का उपयोग करने और ऐसे खातों पर लेनदेन की संख्या को सीमित करने का प्रस्ताव दिया है।



- साइबर धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलेगी
- अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद होता है

### एआई को निगरानी प्रणाली से जोड़ा जा सकता है

रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) को लेनदेन निगरानी प्रणालियों से जोड़ा जा सकता है। कार्यसमूह ने कहा कि प्रौद्योगिकी में निवेश, कर्मचारियों के प्रशिक्षण और हितधारकों के बीच सहयोग से वित्तीय क्षेत्र अधिक सुरक्षित बन सकेगा।

---

# हीरो मोटोकॉर्प दोपहिया वाहन बाजार में शीर्ष पर बरकरार

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में अपना शीर्ष स्थान बनाए रखा है। कंपनी ने इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ने के बावजूद इस दौरान 54 लाख से अधिक गाड़ियों की बिक्री की है। वाहन डीलर संघों के महासंघ के हालिया आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) 47,89,283 वाहनों की बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही। फाडा के अनुसार, हीरो मोटोकॉर्प ने पिछले वित्त वर्ष में कुल 54,45,251 वाहन बेचे, और उसकी बाजार हिस्सेदारी 28.84 प्रतिशत रही। वहीं, जापानी दोपहिया वाहन विनिर्माता एचएमएसआई की बाजार हिस्सेदारी 25.37 प्रतिशत रही। टीवीएस मोटर कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में 33,01,781 गाड़ियों की बिक्री के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 17.49 प्रतिशत रही।

# डॉ. बत्रा हेल्थकेयर ने हिसार में 10 साल पूरे होने का जश्न मनाया

**हिसार।** डॉ. बत्रा हेल्थकेयर जो दुनिया भर में होम्योपैथिक क्लीनिकों के सबसे बड़े नेटवर्क के साथ भारतीय वैश्विक अग्रणी है, जो हिसार में विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के एक दशक का जश्न मना रहा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित करते हुए, क्लिनिक ने एक्सोजेन पेश किया है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों में वंशानुगत बालों के झड़ने के लिए अपनी तरह का पहला एक्सोसोम-आधारित समाधान है। 10 साल की उपलब्धि के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. वैभव बिदामी (होम्योपैथिक काउंसिल, हरियाणा के रजिस्ट्रार और भाजपा - हिसार के जिला सचिव), डॉ. हरदीप सोनी, वरिष्ठ सलाहकार और डॉ. बत्रा ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ में एजीएम-फ्रैंचाइजी संचालन सुश्री मोनिका गोयल ने भाग लिया। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनायजेशन के अनुसार, होम्योपैथी दुनिया भर में चिकित्सा की दूसरी सबसे बड़ी प्रणाली है, भारत में 100 मिलियन से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती की ज़रूरतों के लिए इस पर निर्भर हैं।

# कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- अमेरिकी -चीन शुल्क युद्ध के घटनाक्रम भी डालेंगे प्रभाव
- विदेशी निवेशकों की चाल का भी पड़ेगा बाजार पर असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस कम कारोबारी सत्र वाले सप्ताह में अमेरिकी-चीन शुल्क युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों तथा सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों विप्रो और इन्फोसिस के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां भी इस सप्ताह बाजार की चाल तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। 'डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर' जयंती के कारण सोमवार को और 'गुड फ्राइडे' के मौके पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के निदेशक पुनीत सिंघानिया ने कहा, "यह सप्ताह वैश्विक और भारतीय बाजारों के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहने वाला है, क्योंकि चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध तेज हो गया है और दोनों देश एक-दूसरे पर शुल्क-पर-शुल्क लगा रहे हैं। इससे बाजारों में उथल-पुथल मची हुई है।



*सोमवार व शुक्रवार को बंद रहेगा बाजार : रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "आगामी छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में बाजार अमेरिका-चीन शुल्क मोर्चे पर आगे के घटनाक्रमों से प्रभावित होगा। घरेलू मोर्चे पर बात की जाए, कंपनियों के तिमाही नतीजों पर सभी की निगाह रहेगी।*

# बकिंघम विश्वविद्यालय से अच्युत सामंत को 65वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**भुवनेश्वर।** जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, महान शिक्षाविद्, केआईआईटी एवं केआईआईएस के संस्थापक प्रोफेसर डॉ. अच्युत सामंत को 10 अप्रैल, 2025 (गुरुवार) को बकिंघम यूनिवर्सिटी, यूनाइटेड किंगडम द्वारा विश्वविद्यालय के अपने स्नातक समारोह के दौरान मानद डॉक्टरेट (डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री, ऑनोरिस कॉसा) प्रदान की गई। यह अच्युत सामंत की 65वीं मानद डॉक्टरेट की डिग्री है जिससे वे सम्मानित हुए। यह सम्मान शिक्षा और सामाजिक सेवा के माध्यम से समाज में प्रोफेसर डॉ. सामंत के उल्लेखनीय योगदान को स्पष्ट करता है। प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत ने इस सम्मान के लिए यूनिवर्सिटी के शीर्ष अधिकारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'पिछले 33 साल से मैं समाज की बेहतरी के लिए अथक प्रयास कर रहा हूं। यह मानद डॉक्टरेट की डिग्री मेरे लिए एक यादगार मील का पत्थर रहेगी।' गौरतलब है कि महान शिक्षाविद् प्रोफेसर डॉ.अच्युत सामंत को अब तक दुनिया भर के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा इस मानद डॉक्टरेट समेत 65 मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें शिक्षा और समाज सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान को मान्यता दी गई है। डिग्री प्रदान करते हुए, विश्वविद्यालय ने शिक्षा और सामुदायिक विकास के माध्यम से जीवन को बदलने में उनके असाधारण प्रयासों की सराहना की। बकिंघम विश्वविद्यालय ब्रिटेन का एकमात्र स्वतंत्र विश्वविद्यालय है जिसके पास रॉयल चार्टर है। यह ब्रिटेन के स्वतंत्र विश्वविद्यालयों में सबसे पुराना विश्वविद्यालय है।




# एलन का निःशुल्क नीट नेशनल मॉक टेस्ट 20 को

**कोटा।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 4 मई को आयोजित होने जा रही है। इस बड़ी परीक्षा से पहले नेशनल लेवल पर सेल्फ एनालिसिस के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से देशभर के स्टूडेंट्स के लिए निःशुल्क नीट नेशनल मॉक मेजर टेस्ट 20 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। यह टेस्ट ओपन फॉर आल होगा, जिसमें एलन स्टूडेंट्स के साथ देश के अन्य स्टूडेंट्स भी निःशुल्क शामिल हो सकेंगे। देश के स्टूडेंट्स की नीट परीक्षा की तैयारी को परखने के लिए एलन की ओर से यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा पूरे देश में एलन के देश में 59 शहरों में 138 क्लासरूम कैम्पस पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा 20 अप्रैल, रविवार को दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी। एलन की ओर से आयोजित इस परीक्षा में एलन से बाहर के अन्य स्टूडेंट्स भी निःशुल्क शामिल हो सकेंगे। इसका उद्देश्य है कि स्टूडेंट्स समय अपना सेल्फ एनालिसिस कर सकें और मुख्य परीक्षा में पहले अपने प्रदर्शन में सुधार ला सकें। एलन से बाहर के स्टूडेंट्स एलन वेबसाइट **www.allen.ac.in** पर जाकर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यह टेस्ट स्टूडेंट्स को रियल एग्जाम जैसा माहौल प्रदान करेगा, जिससे वे अपने टाइम मैनेजमेंट, एक्यूरेसी में सुधार के साथ अपनी तैयारी के स्तर का एनालिसिस कर सकें। इससे आत्मविश्वास भी मजबूत होगा एवं स्टूडेंट्स समय रहते अपनी कमजोरियों को भी पहचान सकेंगे। परीक्षा भारत के लगभग सभी राज्यों में होगी।



---

## शब्द पहेली - 5836



**बाएँ से दाए**


1. पवनपुत्र, हनुमान-3,3
5. मजार-4
8. बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9. तहजीब, तमीज-3
10. सत्य, तेज-2
11. पतंगा-4
12. ईसाई साध्वी-2
14. इंकार करना-4
16. उत्तम, आदर्शवादी-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
20. पागलपन, सनक-5
23. पालन-पोषण-5
26. आनंद लेना-2,2
27. बेईमानी, अमानत में खयानत-3
29. अप्रधान, गौण-4
30. ठाठ-बाट-2
32. अति काला, एक प्रकार की लकड़ी-4
33. रहस्य-2
35. गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36. कमरा, रूम-2
37. जल में रहने वाला-4
38. धर्म के उपदेश देनेवाला-6

**ऊपर से नीचे**

1. पलायन करने वाला-6
2. जंगल-2
3. दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4. जिव्हा, जीभ-3
5. घर, भवन-3
6. यात्री गाड़ी-2
7. चौबीस घंटे का समय-4
11. परीक्षण करना-4
13. भीगा हुआ-2
15. खीजना-4
17. उपस्थिती-3
18. रोमांच, उद्वेग-4
19. संपत्ति-2
21. उचित, सही-3
22. पंख, पराया-2
24. देश निर्वासन-4
25. अंगरक्षक-3,3
27. हाथी-4
28. मद, सरूर-2
29. अनुसार, समान-4
31. निगाह, दृष्टि-3
32. हथियार-3
34. पानी, नीर-2
36. सिगरेट का धुआं खींचना, सुट्टा-2

### शब्द पहेली- 5835 का हल








# राठी से पंत तक... अब तक सात खिलाड़ियों पर लग चुका है भारी जुर्माना

एजेंसी ▸▸ मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वां सीजन में अब तक 7 खिलाड़ियों पर जुर्माना लग चुका है। कुछ खिलाड़ियों पर उनके व्यवहार के कारण जुर्माना लगा है। कुछ कप्तानों की जेब स्लो ओवर रेट के कारण कटी है। आईपीएल 2025 में जिन खिलाड़ियों की जेब कटी है उनमें ऋषभ पंत और इशांत शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं। इसके अलावा दिग्वेश राठी की जेब विकेट लेने के बाद सेलीब्रेशन के लिए कट चुकी है।

### संजू सैमसन

आईपीएल 2025 के मैच नंबर 23 के दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाफ ओवर रेट नियम का उल्लंघन करने के लिए राजस्थान रॉयल्स पर फिर गाज गिरी। इसके कारण कप्तान संजू सैमसन पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि बाकी टीम पर 6 लाख रुपए (या उनकी मैच फीस का 25%) का जुर्माना लगाया गया।

### ऋषभ पंत

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत को भी मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना भुगतना पड़ा। इस तरह पहली बार उल्लंघन करने पर उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।

### दिग्वेश राठी : मैच नंबर 13,16 और 19



लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीजन डेब्यू करने वाले 25 वर्षीय खिलाड़ी ने बल्लेबाज को आउट करने के बाद अपने 'नोटबुक सेलिब्रेशन' किया है। राठी को इसके लिए तीन बार फाइन किया जा चुका है। एक अप्रैल को प्रियांश आर्य को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। एक डिमेरिट अंक मिला। इसके बाद मुंबई इंडियंस के नमन धीर को आउट करने के बाद नोटबुक सेलिब्रेशन के लिए पर 50 प्रतिशत का जुर्माना लगाया गया। अपने आदर्श सुनील नरेन का विकेट लेने के बाद राठी को 3 डिमेरिट अंक मिला। अब उन पर एक मैच का निलंबन लगने की संभावना है।

### रियान पराग

संजू सैमसन के कप्तानी के लिए उपलब्ध न होने पर रियान पराग ने पहले तीन मैचों में राजस्थान रॉयल्स टीम का नेतृत्व किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का बचाव करते हुए टीम निर्धारित समय के भीतर ओवर पूरे करने में विफल रही। पराग पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया क्योंकि यह टीम की पहली गलती थी।

### हार्दिक पांड्या

*मुंबई इंडियंस ने 29 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ स्लो ओवर रेट से गेंदबाजी की। मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।*

### रजत पाटीदार

*सात अप्रैल को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच हुए हाई-वोल्टेज मुकाबले के दौरान रजत पाटीदार की टीम पर पहली बार स्लो ओवर रेट के लिए जुर्माना लगाया गया।*

### इशांत शर्मा

*आईपीएल के 18वें संस्करण में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे इस अनुभवी खिलाड़ी पर मैच नंबर 20 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.2 के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया।*

तीरंदाजी विश्व कप

# भारत की पुरुष टीम ने चरण एक में रजत पदक कब्जाया

**ऑबर्नडेल (भाषा)।** धीरज बोम्मादेवरा, तरुणदीप राय और अतनु दास की टीम रविवार को यहां फाइनल में चीन से 1-5 से हार गई जिससे भारत को तीरंदाजी विश्व कप चरण एक की पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

यह भारत का सत्र के पहले टूर्नामेंट का तीसरा पदक है। भारत की नजरें चौथे पदक पर भी हैं क्योंकि धीरज पुरुष रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग में प्रतिस्पर्धा में बने हुए हैं। इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और कंपाउंड पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। अभिषेक वर्मा कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहकर पदक से चूक गए।रिकर्व टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में भारत और चीन के बीच पहला सेट 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुआ जिसमें दोनों टीम ने 54 अंक बनाए। भारतीय तिकड़ी ने दो बार 10 और दो बार नौ अंक बनाए लेकिन दो बार आठ अंक जुटाने के कारण सेट जीतने का मौका गंवा दिया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 4 | 2 | 8 |
| कोलकाता | 6 | 3 | 3 | 6 |
| पंजाब | 5 | 3 | 2 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 6 | 1 | 5 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
349 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

### खबर संक्षेप



### 300 टी20 मैच खेलने वाले पहले पेसर बने भुवनेश्वर

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर कुमार ने बेंगलुरु के खिलाफ रविवार को मुकाबले के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। वह टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने आईपीएल 2025 में 6 विकेट चटकाए हैं और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में उन्होंने 316 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर कुमार टी20 क्रिकेट में 300 मैच खेलने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या सबसे ज्यादा टी20 मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 291 टी20 मैच खेले हैं और जारी सीजन में अगर वह सभी मैच खेलते हैं तो वह भी 300 का आंकड़ा पार कर सकते हैं।

### मैच से पहले हनुमान गढ़ी पहुंचे चेन्नई के खिलाड़ी

**अयोध्या।** लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने रविवार को अयोध्या स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान टीम के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल नजर आए। उनके साथ फ्रेंचाइजी के मालिक भी दिखे। बता दें कि, चेन्नई का सोमवार को लखनऊ से सामना होगा। यह मैच इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें सीएसके जीत की पटरी पर लौटने उतरेगी।

### खिताबी मुकाबले में भिड़ेंगे मध्य प्रदेश और पंजाब

**झांसी।** मध्य प्रदेश और पंजाब ने



रविवार को यहां सेमीफाइनल में क्रमशः मणिपुर और उत्तर प्रदेश को हराकर राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मैच में मध्य प्रदेश ने कप्तान यूसुफ अफ्फान और अली अहमद के दो दो गोल की मदद से मणिपुर को 5-3 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दूसरे सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को करीबी मुकाबले में 4-3 से हराया। जाब के लिए जसजीत सिंह कुलार ने दो गोल किए जबकि हरजीत सिंह और जुगराज सिंह ने एक-एक गोल किया।

आईपीएल : नौ विकेट की जीत से तीसरे स्थान पर आरसीबी

# कोहली 100 फिफ्टी पूरे करने वाले पहले भारतीय, बेंगलुरु ने राजस्थान को रौंदा

एजेंसी ▸▸ जयपुर

फिल सॉल्ट और विराट कोहली के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को नौ विकेट से रौंद दिया।

सॉल्ट और कोहली के बीच पहले विकेट की 92 रन की तेजतर्रार साझेदारी से आरसीबी ने 174 रन के लक्ष्य को 17.3 ओवर में एक विकेट पर 175 रन बनाकर हासिल कर लिया। कोहली टी20 में 100 अर्धशतक बनाने वाले पहले भारतीय बन गए। कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के अर्धशतक से चार विकेट पर 173 रन बनाए। जायसवाल ने रियान पराग के साथ दूसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी भी की। ध्रुव जुरेल ने अंत में 23 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों से नाबाद 35 रन की पारी खेलकर टीम को चुनौतपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।



**सर्वाधिक 50+ स्कोरर**

| बल्लेबाज | 50+ स्कोर |
|---|---|
| डेविड वॉर्नर | 108 |
| विराट कोहली | 100* |
| बाबर आजम | 90 |
| क्रिस गेल | 88 |
| जोस बटलर | 86 |

### हरी जर्सी पहनकर उतरी रॉयल चैलेंजर्स की टीम



इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 28वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के खिलाड़ी जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित मुकाबले में रेड जर्सी की जगह ग्रीन जर्सी पहनकर मैदान पर उतरे। खास बात ये है कि यह हरी जर्सी स्टेडियम में मिले कचरे से बनाई गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु हर आईपीएल सीजन में एक मुकाबला ग्रीन जर्सी पहनकर खेलती है। दरअसल, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस रंग की जर्सी पहनकर मैदान पर उतरती है। आरसीबी साल 2011 से ही अपने 'गो ग्रीन' इनिशिएटिव के तहत ऐसा करती आ रही है।

### कोहली ने की वॉर्नर की बराबरी

टी20 में सर्वाधिक अर्धशतकों का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज के नाम इस प्रारूप में कुल 108 अर्धशतक दर्ज हैं। वहीं, दाएं हाथ के बल्लेबाज विराट ने अपना 100वां अर्धशतक जड़कर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्लब की बराबरी कर ली। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में 36 वर्षीय बल्लेबाज ने 39 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस सत्र में यह कोहली से बल्ले से आया तीसरा पचासा है। उन्होंने अबतक खेले छह मैचों में 248 रन बनाए।


### स्कोर बोर्ड

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी पगबाधा बो हेजलवुड | 75 | 47 | 10 | 2 |
| सैमसन स्टं जितेश बो कृणाल | 15 | 19 | 1 | 0 |
| पराग का कोहली बो यश | 30 | 2 | 3 | 1 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 35 | 23 | 2 | 2 |
| हेटमायर का देवदत्त बो भुवनेश्वर | 09 | 08 | 1 | 0 |
| नितीश राणा नाबाद | 04 | 01 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 173/4
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-32-1, यश 4-0-36-1, हेजलवुड 3-0-26-1, कृणाल 4-0-29-1, लिविंगस्टोन 1-0-8-0, सुयश 4-0-39-0.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सॉल्ट का जायसवाल बो कार्तिकेय | 65 | 33 | 5 | 6 |
| विराट कोहली नाबाद | 62 | 45 | 4 | 2 |
| देवदत्त पडिक्कल नाबाद | 40 | 28 | 5 | 1 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 17.3 ओवर में 175/1
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-36-0, देशपांडे 2-0-21-0, संदीप 2.3-0-29-0, तीक्षणा 2-0-21-0, कार्तिकेय 3-0-25-1, हसरंगा 3-0-33-0, पराग 1-0-10-0.




### अपने ही मैदान पर टूट गया दिल्ली की जीत का क्रम, मुंबई ने 12 रन से हराया

**नई दिल्ली।** करूण नायर के 40 गेंद में 89 रन के बाद मध्यक्रम के चरमराने और आखिर में रन आउट की हैट्रिक के कारण दिल्ली कैपिटल्स का आईपीएल के मौजूदा सत्र में जीत का सिलसिला अपने ही गढ़ में टूट गया जब मुंबई इंडियंस ने उसे रविवार को 12 रन से मात दी। पहले चारों मैच जीतकर इस सत्र में पहली बार अपने मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर खेल रही दिल्ली कैपिटल्स ने 206 रन के लक्ष्य के जवाब में एक समय 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिये थे लेकिन आखिरी नौ विकेट 53 गेंद और 74 रन के भीतर गंवा दिए। दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन पर आउट हो गई । मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिये । उन्होंने अभिषेक पोरेल (25 गेंद में 33) , ट्रिस्टन स्टब्स (एक) और फॉर्म में चल रहे केएल राहुल (13 गेंद में 15) के कीमती विकेट लिये । आखिर में विपराज निगम (आठ गेंद में 14) और आशुतोष शर्मा (14 गेंद में 17) ने किला लड़ाने की कोशिश की लेकिन मुंबई ने आखिरी ओवरों में जबर्दस्त फील्डिंग का प्रदर्शन करके तीन बल्लेबाजों को रन आउट किया । आशुतोष 19वें ओवर की चौथी गेंद पर बुमराह को दो रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए ।

- 19वें ओवर में 3 लगातार रन आउट से जीती मुंबई
- दिल्ली की टीम 19 ओवर में 193 रन पर आउट हुई
- मुंबई के कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिए

फुटबॉल

## बार्सिलोना ने करीबी जीत से ला लिगा में मजबूत की अपनी बढ़त



एजेंसी ▸▸ बार्सिलोना

बार्सिलोना ने रेलीगेशन का खतरा झेल रहे लेगानेस को आत्मघाती गोल की मदद से 1-0 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपनी बढ़त मजबूत कर ली।
मैच का एकमात्र गोल 48वें मिनट में हुआ जब राफिन्हा के खतरनाक क्रॉस को लेगानेस के डिफेंडर जॉर्ज साएंज़ ने अपने ही नेट में डाल दिया। इस जीत से बार्सिलोना ने अपने करीबी प्रतिद्वंदी रियल मैड्रिड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं जबकि रियल मैड्रिड के 30 मैच में 63 अंक है और वह दूसरे स्थान पर है। अन्य मैचों में एस्पेनयॉल ने स्ट्राइकर रॉबर्टो फर्नांडीज के दो गोल की मदद से सेल्टा विगो पर 2-0 से जीत हासिल की जबकि साइल लारिन और सेर्गी डार्डर के गोल की मदद से मैलोर्का ने सैन सेबेस्टियन में रियाल सोसिदाद को 2-0 से हराया। एक अन्य मैच में लास पालमास ने गेटाफे को 3-1 से हरा कर साल की अपनी पहली जीत दर्ज की।

### मैनचेस्टर सिटी ने की शानदार वापसी



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर सिटी ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके क्रिस्टल पैलेस को 5-2 से हराया जिससे उसकी टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में चौथे स्थान पर पहुंच गई। क्रिस्टल पैलेस की टीम ने 21 मिनट तक दो गोल की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन इसके बाद मैनचेस्टर सिटी ने दमदार वापसी की। उसकी तरफ से पहला गोल केविन डी ब्रुइन ने किया। मैनचेस्टर सिटी की तरफ से ब्रूइन के अलावा पहले हाफ में उमर मार्मौश और माटेओ कोवासिक ने गोल किए। जेम्स मैकएटी ने चौथा और निको ओरेली ने पांचवा गोल किया। इस जीत से मैनचेस्टर सिटी अंक तालिका में चेल्सी और न्यूकैसल से ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वह तीसरे स्थान पर मौजूद नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट से दो अंक पीछे है, जिसे एवर्टन ने 1-0 से हराया।

### अल्कारेज ने जीता मोंटे कार्लो खिताब



**मोनाको।** कार्लोस अल्कारेज ने रविवार को यहां चोट से परेशान लोरेंजो मुसेटी को तीन सेट में हराकर मोंटे कार्लो टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कॅरियर का छठा मास्टर्स 1000 खिताब है। अल्कारेज ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराया। अल्कारेज का मोंटे कार्लो का यह पहला और कॅरियर का टूर स्तर का 18वां खिताब है। यहां जीत के बाद स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। मुसेटी तीसरे सेट के दौरान दाएं पैर की चोट से परेशान दिखे और उन्होंने 0-3 के स्कोर पर उपचार भी कराया।

## यूक्रेन और स्पेन बिली जीन किंग कप फाइनल्स के लिए क्वालीफाई

एजेंसी ▸▸ रेडोम

एलिना स्वितोलिना ने स्विट्जरलैंड की जिल टीचमैन को 6-4, 6-2 से हराया जिससे यूक्रेन पहली बार बिली जीन किंग कप टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल्स में जगह बनाने में सफल रहा। यूक्रेन ने स्विट्जरलैंड को 2-1 से पराजित किया और इस तरह से ग्रुप ई में शीर्ष पर रहते हुए सितंबर में चीन के शेन्जेन में होने वाले फाइनल्स में प्रवेश किया।

स्पेन ने भी फाइनल्स में अपनी जगह पक्की कर ली है। जेसिका बौज़स मनेरियो ने चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-4, 6-2 से हराकर स्पेन को 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। बर्नार्डा पेरा ने डेनमार्क की जोहान स्वेनडसेन को हराकर अमेरिका को ग्रुप सी में 2-0 की बढ़त दिला दी। अमेरिका का अगला मुकाबला मेजबान देश स्लोवाकिया से होगा, जिसमें विजेता रहने वाली टीम फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। जापान की



मोयुका उचिजिमा ने ग्रुप ए में रोमानिया की एंका टोडोनी को 3-6, 7-6 (3), 6-2 से हराने से पहले दो मैच प्वाइंट बचाए। जापान का अगला मुकाबला कनाडा से होगा जिससे फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाली टीम का निर्धारण होगा।



### लुकास मार्टेंस ने बनाया तैराकी का विश्व रिकॉर्ड

**स्टॉकहोम।** ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के लुकास मार्टेंस ने 'स्विम ओपन स्टॉकहोम' में पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल में रिकॉर्ड बनाया। मार्टेंस ने शनिवार को पुरुषों की 400 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा तीन मिनट 39.96 सेकंड में पूरी की जिससे वह तीन मिनट 40 सेकंड के बैरियर को तोड़ने वाले पहले तैराक बन गए। तेईस वर्षीय मार्टेंस ने 2024 पेरिस ओलंपिक में 3:41.78 के समय के साथ 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार उन्होंने इस तरह 2009 में जर्मनी के साथी पॉल बिडरमैन द्वारा बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को 0.11 सेकंड तोड़ दिया।

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबला आज

# हार का सिलसिला तोड़ने को बेताब चेन्नई सुपर किंग्स

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में इससे खराब दौर कभी नहीं देखा है और उसके बल्लेबाजों को सोमवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में लगातार हार के सिलसिले पर लगाम लगाने के लिए अच्छा प्रदर्शन करना ही होगा। सीएसके ने आईपीएल के इतिहास में लगातार पांच मैच कभी नहीं गंवाए हैं जिसमें अपने गढ़ चेपॉक में लगातार तीन मैच में हार मिलना भी पहली दफा हुआ है। सीएसके को अगर कोई मुश्किल दौर से निकाल सकता है तो वह महेंद्र सिंह धोनी हैं। लेकिन ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद कप्तानी में धोनी की वापसी भी शुक्रवार को टीम के पिछले मैच में उनकी किस्मत नहीं बदल सकी। घरेलू मैदान पर स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए बल्लेबाजों को फॉर्म हासिल करने के लिए घर से बाहर खेलने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

अपने सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज गायकवाड़ की अनुपस्थिति ने टीम की वापसी की कोशिश को और भी मुश्किल बना दिया है। सीएसके पर अपने उन खिलाड़ियों को रखने का आरोप लगाया गया है जो अब अपनी शीर्ष फॉर्म में नहीं हैं। और अब लगातार हार के रिकॉर्ड के बाद यह सवाल फिर से उठने लगा है। उनकी टीम में 'पावर-हिटर' की कमी भी चर्चा का विषय बन गई है क्योंकि धोनी ने खुद स्वीकार किया है।



### लगातार चौथी जीत की तलाश

मेजबान टीम लखनऊ सुपर जायंट्स लगातार चौथी जीत की तलाश में होगी। टीम ने अच्छे अंतर से जीत दर्ज करने के बाद टूर्नामेंट में जरूरी निरंतरता हासिल की है। मुख्य तेज गेंदबाजों के चोटिल होने के कारण प्रतियोगिता की शुरुआत में उनकी गेंदबाजी सबसे कमजोर कड़ी थी लेकिन शनिवार को गुजरात टाइटन्स पर जीत हासिल करने में गेंदबाजों ने अहम भूमिका निभाई। आवेश खान, रवि बिश्नोई और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाजों ने जिस तरह से गुजरात टाइटन्स की शानदार शुरुआत के बाद लगाम कसी, यह देखना शानदार था। गेंदबाज पारी के अंत में रनों के प्रवाह को रोकने में सक्षम रहे। लखनऊ की पिच पारंपरिक रूप से धीमी है और बल्लेबाजी के लिए बेहतर रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109

## सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत के 41 साल पूरे हुए

# सियाचिन के सपूतों को हिंदुस्तान का सलाम: विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र पर फहराया दिया भारत का विजयी... 'तिरंगा'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हर साल 13 अप्रैल को 'सियाचिन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो 1984 में शुरू किए गए 'ऑपरेशन मेघदूत' की याद दिलाता है। यह वह दिन है जब भारतीय सेना ने दुनिया के सबसे ऊंचे और सबसे कठिन युद्धक्षेत्र – सियाचिन ग्लेशियर पर अपने झंडे गाड़े थे। बता दें कि वर्ष 1984 में पाकिस्तान की संभावित सैन्य कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद भारत ने सियाचिन ग्लेशियर पर रणनीतिक स्थानों को सुरक्षित करने के लिए ऑपरेशन मेघदूत शुरू किया।



- **मेघदूत दुनिया का अब तक का सबसे लंबा सैन्य अभियान**
- **13 अप्रैल 1984 को शुरू हुआ था ऑपरेशन मेघदूत**
- **सियाचीन मतलब आम आदमी का जीना मुश्किल**
- **सियाचीन में बर्फ की मोटी चादर लगातार खिसकती रहती है**

### क्यों है सियाचिन इतना खास?

*सियाचिन ग्लेशियर का क्षेत्र पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके), अक्साई चिन और शक्सगाम घाटी से सटा हुआ है, जिसे पाकिस्तान ने 1963 में चीन को सौंप दिया था। यह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण इलाका है क्योंकि इससे दुश्मन की हरकतों पर नजर रखी जा सकती है। इसके साथ ही यह स्थान लेह से गिलगित आने-जाने वाले रास्तों को भी नियंत्रित करता है, जिससे इसकी सैन्य और रणनीतिक अहमियत और बढ़ जाती है।*

### भारतीय वायुसेना की अतुल्य भूमिका

ऑपरेशन मेघदूत में भारतीय वायुसेना की एक अतुल्य भूमिका रही। वायुसेना ने एएन-12, एएन-32 और आईएल-76 जैसे एयरक्राफ्ट के जरिए सैनिकों और सामान को ऊंचाई वाले हवाई क्षेत्रों तक पहुंचाया। इसके बाद एमआई-17, एमआई-8, चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों की मदद से सैनिकों को ग्लेशियर की ऊंची चोटियों तक पहुंचाया गया। इतना ही नहीं वायुसेना के हेलिकॉप्टर 1978 से ही सियाचिन में उड़ान भर रहे हैं, और चेतक हेलिकॉप्टर पहला ऐसा भारतीय हेलिकॉप्टर था जो अक्टूबर 1978 में वहां उतरा था।

### भारतीय सैनिकों का बिलाफोंड ला और सियाला दर्रों पर कब्जा

*जिसके बाद 13 अप्रैल 1984 को भारतीय सैनिकों ने बिलाफोंड ला और सियाला दर्रों पर कब्जा कर लिया और पूरे सियाचिन क्षेत्र पर अपना नियंत्रण ले लिया। यह ऑपरेशन लेफ्टिनेंट जनरल एम.एल. छिब्बर, लेफ्टिनेंट जनरल पी.एन. हून और मेजर जनरल शिव शर्मा के नेतृत्व में शुरू हुआ था। इसमें भारतीय सेना और वायुसेना के बीच बेहद मजबूत तालमेल देखने को मिला। इस वर्ष ऑपरेशन मेघदूत की 41वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। यह दिन उन वीर सियाचिन योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश की रक्षा की और दुश्मनों की हर कोशिश को नाकाम किया। आज भी भारतीय जवान जमे हुए सीमांत की रक्षा में तैनात हैं और अपने अटूट हौसले और निष्ठा के साथ देश की सीमाओं को सुरक्षित रख रहे हैं। ध्यान रहे कि सियाचिन में तैनात भारतीय सेना के वीर भारत माता की सुरक्षा के लिए -50 डिग्री तापमान, तेज बर्फीली हवाएं और बेहद कठिन इलाके का सामना करते हुए हर पल देश की सुरक्षा में जुटे रहते हैं।*



# शेख हसीना, रेहाना और बच्चों को तत्काल गिरफ्तार कर लो

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश के एक कोर्ट ने रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना, ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक और 50 अन्य के खिलाफ राजनीतिक सत्ता का दुरुपयोग करके कथित अवैध भूमि अधिग्रहण के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया। स्थानीय मीडिया के मुताबिक ढाका मेट्रोपोलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर संज्ञान लेने केबाद यह आदेश पारित किया।



एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम के हवाले से बताया कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी वारंट से संबंधित अमल रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। अदालती सूत्रों का हवाला से बताया कि एसीसी ने हाल ही में भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में हसीना समेत 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया है और सभी फरार हैं।

कोर्ट के इस फैसले के बाद शेख हसीना के विरोधियों को एक और मौका मिल गया है। अदालत ने राजुक प्लॉट आवंटन मामले में शेख हसीना की बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 16 अन्य के खिलाफ भी वारंट जारी किया है। बता दें कि 13 जनवरी को एसीसी के उपनिदेशक ने शेख हेहाना के खिलाफ अधिकार का दुरुपयोग करके पूर्वांचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में 10 कट्टे का प्लॉट हासिल करने का केस दर्ज करवाया था। बाद में इसमें दो अन्य लोगों के नाम भी जोड़ दिए गए।

## दोनों देशों के बीच रिश्तों पर बोले सांसद

# भारत और यूएई के पास है दूरदृष्टि वाला नेतृत्व

एजेंसी ⏭ दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सांसद अली राशिद अल नूमी ने कहा कि भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के पास दूरदृष्टि वाला नेतृत्व है। सांसद नूमी ने यह बात दुबई में चल रहे वैश्विक न्याय, प्रेम और शांति शिखर सम्मेलन में कही। रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति अध्यक्ष नूमी ने शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि अलगाव कभी समाधान नहीं रहा है।



दोनों देशों को दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, हमारे पास दूरदृष्टि वाला सही नेतृत्व है, जो चुनौतियों को समझता है और अवसरों को देख सकता है।

हमारे द्विपक्षीय संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना और इस अवसर का लाभ उठाना बहुत महत्वपूर्ण है। सांसद नूमी ने आगे कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से हम जिस पुरानी व्यवस्था को जानते थे, वह अब खत्म हो चुकी है।

### गांधी के मूल्यों को अपनाएं

मॉरीशस की पूर्व राष्ट्रपति अमीना गुरीब-फकीम ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित किया गया है, जब असमानताओं से निपटने की तत्काल आवश्यकता है। अनिश्चितता के इस दौर में 'समृद्ध' और 'वंचित' के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। मेरे लिहाज से असमानता सबसे खराब मुद्दा है, जिससे तत्काल निपटने की जरूरत है। अमीना ने कहा कि न्याय, शांति और प्रेम कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें महात्मा गांधी ने बहुत पहले ही मानवीय चेतना में शामिल कर दिया था। उन्होंने कहा, हमें बस उन्हें आज की कहानी में वापस लाने की जरूरत है। इसलिए, हमें इस संवाद की आवश्यकता है।

### व्यापार असीमित, संवाद की जरूरत

हम बदलाव के चौराहे पर खड़े हैं। यह सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें बातचीत करने की जरूरत है, क्योंकि अलग चलने से हमें ही नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि हमें जीत का फॉर्मूला अपनाने के लिए एक साथ आना होगा और यह संभव भी है।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank and HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B variant for Delhi. ^For more information contact nearest dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: DELHI: SOUTH DELHI:** Malwa Honda (Lajpat Nagar) - 011-29840621/22, 9266802219; (Adchini) - 011-43073681, 8527996772/73; (Khanpur) - 011-40446391, 011-40446392, 9266802221; (Saheen Bagh Jamia) - 011-26950016/17, 9266802220; (Dakshinpuri) - 9266802215; (Sangam Vihar) - 9311227401, 9311227402; Pragnya Honda (Okhla) - 011-40581600, 9818856993; (Pul Pehladpur Badarpur) - 011-26366952, 9650028777; (Jaitpur) - 9818556993; Absolute Honda (Mahipalpur, NH-8) - 07947216270, 011-40470000, 9871600730, 9811625338, 9152462887; (RK Puram Sector 1) - 9871600734, 9871500735, 9069145268; (Chattarpur) - 9821814222, 9821813222; Uday Honda (Adchini) - 9212355514, 9212355515; (Aya Nagar) - 9266135550; **WEST DELHI:** Excel Honda (Raja Garden) - 9811096676, 01145528400 / 8500; (West Patel Nagar) - 9667530598; Shuban Sai Honda (Najafgarh) - 011-69651212, 9212385581/82; (Vikaspuri) - 8447527677, 8506999938/39, 8130988396; (Kakrola Mod) - 9212385537, 9212389007, 8506999936/37; (Vikas Nagar) - 9818826775; (Ranhola) - 9212385592; Dhingra Honda - (Peeragarhi) - 011-41400000, 9871200045, 9717455880; (Uttam Nagar) - 9717455884/85, 9717394588; (Nangloi) - 9871400045, 9717455883; (Kirari) - 9870200152; Excel Honda (Moti Nagar) - 011-47025801/02, 9999903295; (Mayapuri) - 011-49093930, 9811025879; (Raja Garden) - 011- 45528400/500, 9811096676; (West Patel Nagar) - 9667530598; (Amanpuri) - 9289739970; V.D. Honda (Mahavir Enclave) - 9650415522, 7042294777, 7042294776, 9212670292, 7291998261; (Dabri) - 9212670291; (Bijwasan) - 9599442118, 7290068240; (Rajapuri) 9212670215, 9910364903, 7290068239; (Kapashera) 7290068238, 9910014183; **CENTRAL DELHI:** J.B. Honda (Jhande Walan) - 01143724442, 9555007307; (Shastri Nagar) - 8882719494, 9999786767; (Naraina) - 9310059001; (Tri Nagar) - 9355719494; **EAST DELHI:** Rajindra Honda (Shahdara) - 9310457400, 9310008240; (Dilshad Garden) - 011-22131205/06, 9818372386; (Bhajanpura) - 7042024650; (Karawal Nagar) - 9810839361; (Ill Pusta) - 9560734814; Johripur (Shiv Vihar Metro Station) - 7840080191; Swarup Honda (Vikas Marg) - 011-41015710/11/12, 9810806600, 9810268204; (Mayur Vihar Ph-III) - 9717099729; (Kondli) - 9717099726; (Pandav Nagar) - 9717099723; Celebrate Honda (Jagatpuri) - 011-45644444, 9821398522; (Jheel) - 9821398526, 8448131114; (Khichripur) - 9871481114; **NORTH DELHI:** Globus Honda (Azadpur) - 011-45561871, 8826993152, 8826993150; (Rani Bagh) - 8130093649, 8826993157; (Pitampura) - 8130093651, 8826993162; (Zakira) - 8130093650; (Burari) - 8130093648, 8826993156; (Jahangirpuri) - 8130093655; ; (Libaspur) - 8130093656; Rohini Honda (Sector 3) - 8882201000; (Rithala) - 8527479000; (Budh Vihar) - 8527724000; Santoshi Honda (Narela) - 8467085731/2/7, 8882493100/2; **BALLABGARH:** Kabir Honda - 9312655454; **GAUNCHI BALLABGARH:** Kabir Honda - 9599396896; **FARIDABAD:** Pick Up Honda - 9873875500; Regent Honda - 0129-4006142, 9899913146; Faridabad Honda - 9953547023, 8130515558; **GREATER FARIDABAD:** Pick up Honda - 9873820000; **GURUGRAM:** Big Swing Honda - 9212168811, 9355990083, 9773548811; Ganpati Honda - 0124-4630500, 9910894235; Yume Honda - 0124-4577444, 9818250011, 9560380444; Malwa Gurugram Honda - 8595521151, 9311980996; **KHANDSA ROAD GURUGRAM:** Malwa Gurugram Honda - 9289223507, 9289223502; **BADSHAHPUR GURUGRAM:** 9773548811; **PALAM VIHAR GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9910894234; **GURUGRAM RAILWAY ROAD:** Ganpati Honda - 0124-4423500, 9910894233; Yume Honda - 0124-4566999, 9650186777; **SEC- 52 GURUGRAM:** Yume Honda - 8130364222, 9266668820; **MANESAR:** Ganpati Honda - 9910894239; **SEC - 82 GURUGRAM:** Ganpati Honda - 9220309621, 9220309622; **PATAUDI:** Yume Honda - 8222840011; **HAYATPUR:** JSS Honda - 9992539657; **NUH:** Sri Madhav Honda - 9050276139; **HODAL:** Mukund Honda - 8814003484, 8053339555; **PALWAL:** Parashar Honda - 7056573100, 7056574100; **SOHNA:** Sohna Honda - 9812872333, 9813156539; **GAUTAM BUDDHA NAGAR:** Parkash Honda - 0120-4796600, 9999806883; Pioneer One Honda - 4313333, 8130788666; Pioneer One Honda (Sec-58) - 8130968666; Pioneer One Honda (Noida City Center) - 0120-2480666, 8178506905; Parkash Honda (Bhangel) - 9971713314; P.S. Honda (Dadri) - 9811669969; Bhagat Honda (Jewar) - 9711716890; National Honda (Chapraula) - 9899828711; The Rainbow Honda (Shyam Nagar Mandi) - 8178274694; **GHAZIABAD:** JKM Leela Honda - 9999767614, 9311322400; Hindon Honda - 9910110017, 9910030484; Sangam Honda (Sahibabad) - 9311051166, 9911591166; Om Honda (Loni) - 9312254126; Hindon Honda (Modinagar) - 08449790925; Chauhan Honda (Muradnagar) - 9897088340; Sangam Honda (Khoda Colony) - 9540651166; **GREATER NOIDA:** Parkash Honda - 9971992604; Shanti Honda (Kulesra) - 8510000845; Khanna Honda (Surajpur) - 9810203519, 9717207234; **BULANDSHAHR:** Shri Masha Honda - 09568519999; Sri Ganga Honda (Anoopshahr) - 9719524751, 8433276224; KLA Honda (Khurja) - 7078677972, 9720088882; Agarwal Honda (Dibai) - 9412563721, 8273083331; Veer Honda (Shikarpur) - 9758097121; Shri Bhagirathi Honda (Jahagirabad) - 9927544326; Al Uzair Honda (Gulaothi) - 9997729105; **BAHADURGARH:** Shri Balaji Honda - 9896297567, 7404533495; **JHAJJAR:** Shree Shyam Honda - 9466511837, 8607200651; **ROHTAK:** Lohchab Honda - 8684888803, 8684888804; Shri Krishna Honda - 8930303243, 9896655630; **SAMPLA:** Rama Honda - 8684840808, 8684840505; **GOHANA:** Shirin Honda - 8222999406, 8222999408; **SONEPAT:** Triumph Honda - 0130-2237002, 9254015907; **CHOTU RAM CHOWK(SONEPAT):** Triumph Honda - 9254015901; **GANNAUR:** Triumph Honda - 9254015908; **KHARKHODA:** Ashirwad Honda - 9017190979; **KUNDLI:** Triumph Honda - 9254015904; **BAHALGARH:** Triumph Honda - 9034015921.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**